बुधवार, 25 दिसम्बर 2024

**मौसम**

तापमान 27 – 15
आर्द्रता 65%
सूर्योदयः 6:15 सूर्यास्तः 17:00

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष दशमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



भारत ने वेस्टइंडीज को 115 रन से हराकर महिला एकदिवसीय श्रृंखला जीती –पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

**सुविचार :** संबंधों का हुनर पेड़ों से सीखिये चोट जड़ों पर और पत्ते सूख जाते हैं।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

शाम पांच बजे तक मतदान के आंकड़े की तुलना वास्तविक डेटा से करना गलतः निर्वाचन आयोग (पृष्ठ 7)

में भी चिटफंड घोटाले का पीड़ितः माझी पृष्ठ 7



बड़ाबाजार स्थित होली रोजरी कैंथेड्रल में मध्य रात्रि के सामूहिक प्रार्थना में भाग लेतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

# अर्थशास्त्रियों के साथ पीएम मोदी ने की बैठक, बजट 2025 को लेकर हुई चर्चा

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ मंगलवार को आगामी बजट पर उनके विचार और सुझाव जानने के लिए बैठक की। बैठक में रोजगार सृजन, कृषि उत्पादकता तथा बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजी जुटाने जैसे मुद्दों चर्चा हुई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी, 2025 को लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री ने बैठक में कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को मानसिकता में बुनियादी बदलाव के माध्यम से हासिल किया जा सकता है, जो 2047 तक देश को विकसित बनाने पर केंद्रित है। बैठक में अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों ने विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इनमें वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक अनिश्चितताओं से उत्पन्न चुनौतियों से निपटना, युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने की रणनीति और सभी क्षेत्रों में स्थायी रोजगार के



अवसर पैदा करना शामिल हैं। इसके अलावा शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को रोजगार बाजार की उभरती जरूरतों के साथ जोड़ने, कृषि उत्पादकता बढ़ाने और स्थायी ग्रामीण रोजगार के अवसर पैदा करने, निजी निवेश को आकर्षित करने तथा आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने को लेकर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए कोष जुटाने पर भी सुझाव दिए गए। बयान के अनुसार, बैठक में वित्तीय समावेश और निर्यात को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए भी सुझाव दिए गए। बैठक में उपस्थित जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विश्लेषकों में सुरजीत एस भल्ला, अशोक गुलाटी, सुदीप्तो मंडल, धर्मकीर्ति जोशी, जन्मेजय सिन्हा, मदन सबनवीस, अमिता बत्रा, रिधम देसाई, चेतन घाटे, भरत रामास्वामी, सौम्य कांति घोष, सिद्धार्थ सान्याल, लवीश भंडारी, रजनी सिन्हा, केशब दास, प्रीतम बनर्जी, राहुल बाजोरिया, निखिल गुप्ता और शाश्वत आलोक शामिल थे।

# डाक्टर से दरिंदगी : घटनास्थल पर पीड़िता और हमलावर के बीच संभावित हाथापाई का कोई निशान नहीं

- सीबीआई को सौंपी गई सीएफएसएल की रिपोर्ट में किया गया उल्लेख
- सेमिनार रूम में दुष्कर्म-हत्या का दृश्य (क्राइम सीन) नहीं

**कोलकाता :** कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कालेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म व हत्या की वारदात में एक सनसनीखेज खुलासा हुआ है। हाल में सीबीआइ को सौंपी गई केंद्रीय फोरेंसिक अनुसंधान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि गत नौ अगस्त को सेमिनार रूम से जिस कमरे से युवा डाक्टर का शव बरामद किया गया था, वहां दुष्कर्म-हत्या का दृश्य (क्राइम सीन) नहीं है। इससे आशंका जताई गई है कि पीड़िता की कहीं और दुष्कर्म व हत्या कर बाद में शव को वहां रखा गया है। रिपोर्ट में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि सेमिनार रूम में नीले गद्दे पर पीड़िता और हमलावर के बीच संभावित हाथापाई का कोई निशान नहीं मिला है। आसपास रखे सामान में खरोंच तक नहीं आई है। यहां तक कि सेमिनार रूम के अंदर भी कहीं और इसका कोई निशान नहीं है। बता दें कि इस जघन्य वारदात के बाद पीड़ित परिवार और प्रदर्शन कर रहे जूनियर डाक्टरों का एक बड़ा हिस्सा शिकायत कर रहा था कि इस घटना में बहुत सारे सुबूत खो गए हैं।

# बांग्लादेश : परमाणु ऊर्जा संयंत्र मामले में हसीना के खिलाफ पांच अरब डॉलर के भ्रष्टाचार की जांच शुरू

**ढाका :** बांग्लादेश में एक भ्रष्टाचार रोधी समिति ने रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र में पांच अरब अमेरिकी डॉलर के गबन के आरोपों के संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके परिवार के खिलाफ जांच शुरू की है। इस संबंध में मीडिया में खबर प्रकाशित हुई है। भारतीय कंपनियां बांग्लादेश में रूपपुर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के निर्माण में शामिल हैं। इसका निर्माण रूस की सरकारी कंपनी रोसतम कर रही है। रूस द्वारा डिजाइन किया गया पहला बांग्लादेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र (एनपीपी), रूपपुर बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 160 किलोमीटर पश्चिम में बनाया जा रहा है। रोसतम ने रूपपुर एनपीपी परियोजना के बारे में मीडिया में आए ''भड़काऊ बयानों'' का खंडन किया है। 'बीडीन्यूज' ने रविवार को अपनी खबर में बताया कि हसीना के साथ उनके बेटे साजिब वाजेद जॉय और उनकी रिश्तेदार एवं ब्रिटेन की वित्त मंत्री ट्यूलिप सिद्दीक से भी पूछताछ की गई।

# यौन हिंसा, तेजाब हमले के पीड़ितों को चिकित्सा सहयोग से इनकार करना एक अपराध : दिल्ली उच्च न्यायालय

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि सरकारी और निजी अस्पताल यौन अपराध के पीड़ितों को इलाज से मना नहीं कर सकते। अदालत ने कहा कि इन अस्पतालों को ऐसे मामलों में मुफ्त इलाज करना चाहिए, अन्यथा आपराधिक कार्रवाई का सामना करना चाहिए। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की खंडपीठ ने कहा कि किसी चिकित्सा प्रतिष्ठान को ऐसे पीड़ितों को आपातकालीन स्थिति में लाये जाने पर पहचान प्रमाण पर जोर नहीं देना चाहिए और यदि कोई चिकित्सक आवश्यक उपचार देने से इनकार करता है तो उसके खिलाफ पुलिस में तुरंत शिकायत दर्ज की जाएगी, क्योंकि ऐसा करना दंडनीय अपराध है। अदालत ने बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, तेजाब हमले और यौन अपराध के नाबालिग पीड़ितों के संबंध में निर्देश पारित किए और कहा कि कानूनी अनिवार्यता के बावजूद उन्हें मुफ्त चिकित्सा उपचार प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पीठ ने 21 दिसंबर को उपलब्ध कराए गए अपने फैसले में कहा, ''जब भी इस तरह के किसी अपराध का पीड़ित/शिकार किसी चिकित्सा सुविधा केंद्र, निदान सुविधा केंद्र, निदान प्रयोगशाला, नर्सिंग होम, अस्पताल, स्वास्थ्य क्लिनिक आदि से संपर्क करता है, चाहे वह निजी हो या सार्वजनिक/सरकारी, तो ऐसे पीड़ित/शिकार को मुफ्त चिकित्सा उपचार प्रदान किए बिना वापस नहीं भेजा जाएगा।''

# बदायूं में जामा मस्जिद के नीलकंठ महादेव मंदिर होने के वाद पर सुनवाई 18 जनवरी को

**बदायूं (उप्र) :** बदायूं की एक अदालत ने शम्सी जामा मस्जिद बनाम नीलकंठ मंदिर मामले की सुनवाई के लिए 18 जनवरी की तारीख तय की है, जिसमें यह तय होगा कि मामला सुनवाई योग्य है या नहीं। एक अधिवक्ता ने मंगलवार को बताया कि नीलकंठ मंदिर बनाम जामा मस्जिद शमसी मामले में दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) अमित कुमार ने अगली सुनवाई के लिए 18 जनवरी, 2025 की तारीख तय की है। उस दिन अदालत तय करेगी कि मामला सुनवाई योग्य है या नहीं। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता वेद प्रकाश साहू ने बताया कि आज 24 दिसंबर को अदालत को यह तय करना था कि यह मामला बहस के योग्य है अथवा नहीं। इसको लेकर 17 दिसंबर को दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं द्वारा अपना-अपना पक्ष रखा गया था, जिसके लिए दीवानी न्यायाधीश (सीनियर डिवीजन) अमित कुमार ने आज की तारीख तय की थी। उन्होंने बताया कि आज जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के चलते अदालत ने कोई निर्णय नहीं सुनाया है और अपना निर्णय सुनाने के लिए 24 जनवरी की तारीख तय की है। अब 24 जनवरी को यह तय होगा कि यह मामला सुनने योग्य है अथवा नहीं। इसके पहले नीलकंठ महादेव मंदिर के वादी मुकेश पटेल ने बताया था कि यह राजा महिपाल का किला था और यहां एक मंदिर था जिसे गुलाम वंश के शासक एवं आक्रमणकारी शमसुद्दीन इल्तुतमिश ने तोड़कर मस्जिद में तब्दील करवा दिया था। मामला 2022 में शुरू हुआ था, जब अखिल भारत हिंदू महासभा के तत्कालीन संयोजक मुकेश पटेल ने दावा किया था कि जामा मस्जिद की जगह पर नीलकंठ महादेव का मंदिर था। यह मस्जिद सोथा मोहल्ला नामक एक ऊंचे क्षेत्र में बनी है। शम्सी शाही मस्जिद को बदायूं शहर की सबसे ऊंची इमारत माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह मस्जिद देश की तीसरी सबसे पुरानी और सातवीं सबसे बड़ी मस्जिद है, जिसमें 23,500 लोगों के एक साथ नमाज अदा करने की जगह है।

# चैंपियंस ट्रॉफी कार्यक्रम: भारत बनाम पाकिस्तान मैच 23 फरवरी को दुबई में

**दुबई :** भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने सभी लीग मैच दुबई में खेलेगा जिसमें 23 फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबला होगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। पीटीआई ने पिछले सप्ताह ही बता दिया था कि भारत अगर क्वालीफाई करता है तो सेमीफाइनल और फाइनल सहित अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। आईसीसी आयोजनों में जैसा कि होता आया है, भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखा गया है । इस ग्रुप में न्यूजीलैंड और बांग्लादेश भी हैं। ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड शामिल हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच 19 फरवरी को कराची में खेला जाएगा। इस मैच में मेजबान पाकिस्तान का सामना न्यूजीलैंड से होगा। इसका फाइनल नौ मार्च को होगा। टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर गतिरोध समाप्त होने के बाद टूर्नामेंट का कार्यक्रम काफी विलंब से जारी हुआ। इसमें आईसीसी ने भारत के मैचों को उसकी इच्छानुसार तटस्थ



स्थान पर रखा है। आईसीसी ने 2027 तक भारत में होने वाले वैश्विक आयोजनों के लिए पाकिस्तान के लिए भी समान व्यवस्था की है। पिछली बार 2017 में खेले गए 50 ओवर के इस प्रमुख आयोजन में इस बार 15 मैच होंगे। इसमें से कम से कम 10 मैच पाकिस्तान में खेले जायेंगे। पाकिस्तान में रावलपिंडी, लाहौर और कराची तीन मेजबान स्थल होंगे और दूसरा सेमीफाइनल लाहौर के पुनर्निर्मित गद्दाफी स्टेडियम में होगा। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'अगर भारत क्वालीफाई करने में विफल रहा तो लाहौर नौ मार्च को फाइनल की मेजबानी करेगा।

भारत के फाइनल में पहुंचने की स्थिति में यह दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए आरक्षित दिन होंगे।' भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा और तीन दिन बाद पाकिस्तान से भिड़ेगा। टीम का अंतिम लीग मैच दो मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ होगा। ग्रुप बी का अभियान 21 फरवरी को कराची में खेले जाने वाले अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका मुकाबले से शुरू होगा। इसके बाद 22 फरवरी को लाहौर में चिर-प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत होगी।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सेना का वाहन 300 फुट गहरी खाई में गिरा, पांच जवानों की मौत

**मेंढर/जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार शाम सेना का एक वाहन सड़क से फिसलकर 300 फुट गहरी खाई में गिर गया, जिससे पांच सैनिकों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना घरोआ इलाके में उस समय हुई, जब सेना का वाहन जिले के बनोई जा रहा था।



उन्होंने बताया कि बचाव दल ने 300-350 फुट गहरी खाई से पांच शव बरामद किए हैं। सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचिन्द्र कुमार और ध्रुव कमान के अधिकारियों ने पांच बहादुर सैन्यकर्मियों की दुखद मृत्यु पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। उत्तरी कमान ने 'एक्स' पर कहा, ''ध्रुव कमान इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़ी है।'' 'व्हाइट नाइट कोर' ने भी पुंछ सेक्टर में वाहन दुर्घटना में पांच बहादुर सैनिकों की मृत्यु पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। 'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर कहा, ''बचाव अभियान जारी है, तथा घायल कर्मियों का इलाज किया जा रहा है।''

## पांच नए राज्यपालों की नियुक्तियां, अजय भल्ला मणिपुर के गवर्नर

### रघुबर दास का इस्तीफा स्वीकार

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की तरफ से देश के कई राज्यों में नए राज्यपालों की नियुक्तियां की गई है। राष्ट्रपति भवन की तरफ से जारी अधिसूचना के अनुसार, मिजोरम के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति को ओडिशा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया हैं। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ओडिशा के मौजूदा राज्यपाल रघुबर दास का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया है।

### बिहार, केरल, मिजोरम, मणिपुर को मिले नए राज्यपाल

इस कड़ी में केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया हैं। बिहार के मौजूदा राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। जबकि पूर्व सेना प्रमुख विजय कुमार सिंह को मिजोरम के राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वहीं पूर्व केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। ये सभी नियुक्तियां उस तिथि से प्रभावी होंगी, जिस दिन ये नए राज्यपाल अपने-अपने कार्यालयों का कार्यभार संभालेंगे।

# नए आपराधिक कानून नागरिक अधिकारों के रक्षक बन रहे हैं : अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन नए आपराधिक कानून – भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम – नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। उत्तराखंड में तीन आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर यहां एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नये कानूनों को यथाशीघ्र शत-प्रतिशत लागू करने को कहा। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने क्रमशः औपनिवेशिक काल के भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लिया। नए कानून एक जुलाई को लागू हुए। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बैठक में चर्चा के दौरान शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीनों नए




आपराधिक कानून नागरिक अधिकारों के रक्षक और 'न्याय की सुगमता' का आधार बन रहे हैं। शाह ने कहा कि नए कानून पीड़ित और नागरिक केंद्रित हैं और इन्हें इसी भावना के साथ शीघ्रता से लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार को नये कानूनों के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए प्रौद्योगिकी एवं अन्य क्षेत्रों में खामियों को दूर करने के प्रयास करने चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार को उन क्षेत्रों के सभी पुलिस थानों और कारागारों में नए कानूनों के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन को प्राथमिकता देनी चाहिए जहां अधिक प्राथमिकी दर्ज होती हैं। बयान में कहा गया कि बैठक में उत्तराखंड में पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के कार्यान्वयन और वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए शाह ने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले में एक से अधिक फोरेंसिक मोबाइल वैन उपलब्ध होनी चाहिए। शाह ने धामी को तीनों नए कानूनों के क्रियान्वयन की प्रगति की हर 15 दिन में समीक्षा करने तथा मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ सप्ताह में एक बार समीक्षा करने को कहा। उन्होंने उत्तराखंड के डीजीपी को सुझाव दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी पुलिस अधीक्षक निर्धारित समयसीमा के भीतर मामलों की जांच करें। शाह और धामी के अलावा गृह मंत्रालय और उत्तराखंड सरकार के शीर्ष अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।



## डॉक्टरों की कमी दूर करने की पहल

सर्वविदित है कि देश की विशाल आबादी पर चिकित्सकों की उपलब्धता वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं है। यूनेस्को कई बार बता चुका है कि भारत के कई स्थानों पर एक हजार व्यक्तियों पर एक चिकित्सक भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यदि देश के कई मेडिकल कॉलेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में सीटें खाली रह जाएं तो इसे देश के लिये विडंबना ही कहा जाएगा। इस ज्वलंत मुद्दे पर देश की शीर्ष अदालत ने संज्ञान लेते हुए निर्देश दिए कि इस माह के अंत तक देश के सभी मेडिकल कालेजों के चिकित्सा पाठ्यक्रमों में रिक्त पड़ी सीटों को तुरंत भरा जाए। जाहिर है जब देश में पहले से ही डॉक्टरों के कमी है तो ये सीटें क्यों खराब की जा रही हैं? निश्चित रूप से समाज के अंतिम व्यक्ति को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में शीर्ष अदालत की यह पहल बदलावकारी साबित हो सकती है। देश में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए पिछले दिनों बड़ी संख्या में नये मेडिकल कालेज खोले गए हैं, लेकिन इनमें सीटों की संख्या दुगनी हो जाने के बाद भी डॉक्टरों की कमी बनी हुई है। वैसे निजी अस्पतालों में तो डॉक्टरों की कमी नहीं है, लेकिन सार्वजनिक अस्पतालों व डिस्पेंसरियों में डॉक्टरों की कमी बराबर बनी रहती है। खासकर ग्रामीण इलाकों में तो स्थिति बहुत खराब है। यही वजह है कि देश के बड़े चिकित्सा संस्थानों मसलन एम्स व पीजीआईएमईआर जैसे संस्थान मरीजों के दबाव से चरमरा रहे हैं। साथ ही चिकित्सक बेहद दबाव में काम कर रहे हैं। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत ने इस संकट की गंभीरता को महसूस करते हुए निर्देश दिए हैं कि इस महीने के अंत तक काउंसलिंग करा कर उन सीटों को तुरंत भरा जाए। निश्चित रूप से इस पहल से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को संबल मिल सकेगा।

निस्संदेह, यह तार्किक है कि चिकित्सा पाठ्यक्रम में दाखिले को लेकर देश में भारी मारामारी है। इसकी वजह यह है कि मेडिकल की पढ़ाई के बाद कमोबेश रोजगार पाना गारंटी जैसी होता है। उनके लिये विदेशों में भो रोजगार के आकर्षक अवसर होते हैं। अन्यथा निजी अस्पताल खोलकर भी वे अपना शानदार करिअर बना सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ा सवाल हमारे गांवों में चिकित्सा सुविधाओं के नितांत अभाव का होना है। ऐसा नहीं है कि इस चुनौतीपूर्ण स्थिति का सरकार को भान नहीं है। सरकार भी मानती है कि देश के ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता तो दूर सामान्य डॉक्टरों की मौजूदगी भी कम ही है। इस संकट का समाधान तभी संभव है जब देश में अधिक मेडिकल कालेज खुलें और उनकी सभी सीटों को भरा जाए। वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों को ग्रामीण इलाकों में काम करने के लिये प्रेरित किया जाए। उन्हें वेतन तथा प्रोन्नति के विशेष अवसर दिए जाएं। अनिवार्य रूप से तय किया जाए कि मेडिकल कालेजों से निकलने वाले चिकित्सक कुछ प्रारंभिक वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दें। इस बात पर मंथन किया जाना चाहिए कि विगत में हुए ऐसे प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ पाए। इसके अलावा दुनिया के अनेक देशों से मेडिकल की पढ़ाई करके आने वाले डॉक्टरों को आवश्यक अर्हताएं पूरी करने पर डॉक्टरी करने की सुविधा प्रदान की जाए। किसी भी लोक कल्याणकारी सरकार का दायित्व बनता है कि गरीबी की रेखा के नीचे रहने वाले तथा कमजोर वर्गों के लोगों को सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाएं। ये लोग महंगे निजी अस्पतालों की चौखट तक पहुंचने की क्षमता नहीं रखते। सरकार ने आयुष्मान योजना जैसी कई पहल तो की हैं, लेकिन ध्यान रखना जरूरी है कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में व्यवस्थागत दिक्कतें पैदा न हों। सरकारों का नैतिक दायित्व बनता है कि हाशिये के समाज को सस्ती व सहज रूप से चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें। उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता का भी लाभ मिल सके। साथ ही नीति-नियंताओं के लिये यह आत्ममंथन का विषय है कि देश चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में नई खोजों व अनुसंधान में पीछे क्यों रह गया है। साथ ही देश की परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहन भी जरूरी है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 25 दिसम्बर, बुधवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष दशमी, 22:27 तक, नक्षत्र : चित्रा, 15:14 तक, योग : अतिगंदा, 21:42 तक, सूर्योदय: 6:15, सूर्यास्त: 17:00 चन्द्रोदय : 01:05, चन्द्रास्त: 12:42, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 11:36 से 12:56

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और भाग्य आपका साथ देगा। आपके लिए तरक्की के योग बने हैं और आपके धन सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों के लिए करियर में सफलता का दिन है और आपके लिए तरक्करी के योग बने हैं। आपको हर प्रकार का सांसारिक सुख भोग प्राप्त होगी और सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों को करियर के मामले में लाभ होगा और आपको लगन व मेहनत से भरपूर लाभ होगा। आपके रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे और आपको नए कार्य में निवेश करने से लाभ होगा।

**कर्क :**कर्क राशि वालों के लिए करियर में लाभ का दिन है और आपको हर कार्य में मनचाही सफलता प्राप्त होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपके आध्यात्मिक ज्ञान में वृद्धि होगी

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को लाभ होगा और आपको बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति के योग हैं। अपनी शान शौकत के लिए धन का व्यय करेंगे, गरीबों की सहायता करने से आपको खुशी होगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों के लिए तरक्की का दिन है और आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। शाम से लेकर ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो कि चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को लाभ होगा और आपको परिश्रम से सफलता प्राप्त होगी। समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा, परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो आपकी खिन्नता को बढ़ा देंगे। शाम के समय कोई खुशखबरी मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को लाभ होगा। सामाजिक क्रियाकलाप में आपका मन लगेगा और आपके सम्मान में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न रहेगा। भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आप किसी वाद-विवाद से दूर रहे, नहीं तो समस्या बढ़ सकती हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रोका हुआ काम पूरा होगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा।

**मीन :** आज का दिन बाकी दिनों के तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपके किसी नई नौकरी के प्रयास बेहतर रहेंगे। व्यापार में भी आपको अच्छी योजना पर काम करने का मौका मिलेगा।

# राष्ट्र निर्माण के 'अटल' आदर्श की शताब्दी



नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री, भारत सरकार

मैं जी भर जिया, मैं मन से मरूं... लौटकर आऊंगा, कूच से क्यों डरूं? अटल जी के ये शब्द कितने साहसी हैं...कितने गूढ़ हैं। अटल जी, कूच से नहीं डरे...उन जैसे व्यक्तित्व को किसी से डर लगता भी नहीं था। वो ये भी कहते थे... जीवन बंजारों का डेरा आज यहां, कल कहां कूच है..कौन जानता किधर सवेरा...आज अगर वो हमारे बीच होते, तो वो अपने जन्मदिन पर नया सवेरा देख रहे होते। मैं वो दिन नहीं भूलता जब उन्होंने मुझे पास बुलाकर अंकवार में भर लिया था...और जोर से पीठ में धौल जमा दी थी। वो स्नेह...वो अपनत्व...वो प्रेम...मेरे जीवन का बहुत बड़ा सौभाग्य रहा है।

आज 25 दिसंबर का ये दिन भारतीय राजनीति और भारतीय जनमानस के लिए एक तरह से सुशासन का अटल दिवस है। आज पूरा देश अपने भारत रत्न अटल को, उस आदर्श विभूति के रूप में याद कर रहा है, जिन्होंने अपनी सौम्यता, सहजता और सहृदयता से करोड़ों भारतीयों के मन में जगह बनाई। पूरा देश उनके योगदान के प्रति कृतज्ञ है। उनकी राजनीति के प्रति कृतार्थ है।

21वीं सदी को भारत की सदी बनाने के लिए उनकी एनडीए सरकार ने जो कदम उठाए, उसने देश को एक नई दिशा, नई गति दी। 1998 के जिस काल में उन्होंने पीएम पद संभाला, उस दौर में पूरा देश राजनीतिक अस्थिरता से घिरा हुआ था। 9 साल में देश ने चार बार लोकसभा के चुनाव देखे थे। लोगों को शंका थी कि ये सरकार भी उनकी उम्मीदों को पूरा नहीं कर पाएगी। ऐसे समय में एक सामान्य परिवार से आने वाले अटल जी ने, देश को स्थिरता और सुशासन का मॉडल दिया। भारत को नव विकास की गारंटी दी।

वो ऐसे नेता थे, जिनका प्रभाव भी आज तक अटल है। वो भविष्य के भारत के परिकल्पना पुरुष थे। उनकी सरकार ने देश को आईटी, टेलीकम्यूनिकेशन और दूरसंचार की दुनिया में तेजी से आगे बढ़ाया। उनके शासन काल में ही, एनडीए ने टेक्नॉलजी को सामान्य मानवी की पहुंच तक लाने का काम शुरू किया। भारत के दूर-दराज के इलाकों को बड़े शहरों से जोड़ने के सफल प्रयास किये गए। वाजपेयी जी की सरकार में शुरू हुई जिस स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने भारत के महानगरों को एक सूत्र में जोड़ा वो आज भी लोगों की स्मृतियों पर अमिट है। लोकल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए भी एनडीए गठबंधन की सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसे कार्यक्रम शुरू किए। उनके शासन काल में दिल्ली मेट्रो शुरू हुई, जिसका विस्तार आज हमारी सरकार एक वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट के रूप में कर रही है। ऐसे ही प्रयासों से उन्होंने ना सिर्फ आर्थिक प्रगति को नई शक्ति दी, बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों को एक दूसरे से जोड़कर भारत की एकता को भी सशक्त किया।

जब भी सर्व शिक्षा अभियान की बात होती है, तो अटल जी की सरकार का जिक्र जरूर होता है। शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानने वाले वाजपेयी जी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहां हर व्यक्ति को आधुनिक और गुणवत्ता वाली शिक्षा मिले। वो चाहते थे भारत के वर्ग, यानि ओबीसी, एससी, एसटी, आदिवासी और महिला सभी के लिए शिक्षा सहज और सुलभ बने। उनकी सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई बड़े आर्थिक सुधार किए। इन सुधारों के कारण भाई-भतीजावाद में फंसी देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली। उस दौर की सरकार के समय में जो नीतियां बनीं, उनका मूल उद्देश्य सामान्य मानवी के जीवन को बदलना ही रहा।

उनकी सरकार के कई ऐसे अद्भुत और साहसी उदाहरण हैं, जिन्हें आज भी हम देशवासी गर्व से याद करते है। देश को अब भी 11 मई 1998 का वो गौरव दिवस याद है, एनडीए सरकार बनने के कुछ ही दिन बाद पोकरण में सफल परमाणु परीक्षण हुआ। इसे 'ऑपरेशन शक्ति' का नाम दिया गया। इस परीक्षण के बाद दुनियाभर में भारत के वैज्ञानिकों को लेकर चर्चा होने लगी। इस बीच कई देशों ने खुलकर नाराजगी जताई, लेकिन तब की सरकार ने किसी दबाव की परवाह नहीं की। पीछे हटने की जगह 13 मई को न्यूक्लियर टेस्ट का एक और धमाका कर दिया गया। 11 मई को हुए परीक्षण ने तो दुनिया को भारत के वैज्ञानिकों की शक्ति से परिचय कराया था। लेकिन 13 मई को हुए परीक्षण ने दुनिया को ये दिखाया कि भारत का नेतृत्व एक ऐसे नेता के हाथ में है, जो एक अलग मिट्टी से बना है।

उन्होंने पूरी दुनिया को ये संदेश दिया, ये पुराना भारत नहीं है। पूरी दुनिया जान चुकी थी, कि भारत अब दबाव में आने वाला देश नहीं है। इस परमाणु परीक्षण की वजह से देश पर प्रतिबंध भी लगे, लेकिन देश ने सबका मुकाबला किया।

वाजपेयी सरकार के शासन काल में कई बार सुरक्षा संबंधी चुनौतियां आईं। करगिल युद्ध का दौर आया। संसद पर आतंकियों ने कायरना प्रहार किया। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले से वैश्विक स्थितियां बदलीं, लेकिन हर स्थिति में अटल जी के लिए भारत और भारत का हित सर्वोपरि रहा।



जब भी आप वाजपेयी जी के व्यक्तित्व के बारे में किसी से बात करेंगे तो वो यही कहेगा कि वो लोगों को अपनी तरफ खींच लेते थे। उनकी बोलने की कला का कोई सानी नहीं था। कविताओं और शब्दों में उनका कोई जवाब नहीं था। विरोधी भी वाजपेयी जी के भाषणों के मुरीद थे। युवा सांसदों के लिए वो चर्चाएं सीखने का माध्यम बनतीं।

कुछ सांसदों की संख्या लेकर भी, वो कांग्रेस की कुनीतियों का प्रखर विरोध करने में सफल होते। भारतीय राजनीति में वाजपेयी जी ने दिखाया, ईमानदारी और नीतिगत स्पष्टता का अर्थ क्या है।

संसद में कहा गया उनका ये वाक्य... सरकारें आएंगी, जाएंगी, पार्टियां बनेंगी, बिगड़ेंगी मगर ये देश रहना चाहिए...आज भी मंत्र की तरह हम सबके मन में गूंजता रहता है।

वो भारतीय लोकतंत्र को समझते थे। वो ये भी जानते थे कि लोकतंत्र का मजबूत रहना कितना जरुरी है। आपातकाल के समय उन्होंने दमनकारी कांग्रेस सरकार का जमकर विरोध किया, यातनाएं झेली। जेल जाकर भी संविधान के हित का संकल्प दोहराया। छऊ- की स्थापना के साथ उन्होंने गठबंधन की राजनीति को नए सिरे से परिभाषित किया। वो अनेक दलों को साथ लाए और छऊ- को विकास, देश की प्रगति और क्षेत्रीय आकांक्षाओं का प्रतिनिधि बनाया। पीएम पद पर रहते हुए उन्होंने विपक्ष की आलोचनाओं का जवाब हमेशा बेहतरीन तरीके से दिया। वो ज्यादातर समय विपक्षी दल में रहे, लेकिन नीतियों का विरोध तर्कों और शब्दों से किया। एक समय उन्हें कांग्रेस ने गद्दार तक कह दिया था, उसके बाद भी उन्होंने कभी असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया।

उन में सत्ता की लालसा नहीं थी। 1996 में उन्होंने जोड़-तोड़ की राजनीति ना चुनकर, इस्तीफा देने का रास्ता चुन लिया। राजनीतिक षड्यंत्रों के कारण 1999 में उन्हें सिर्फ एक वोट के अंतर के कारण पद से इस्तीफा देना पड़ा। कई लोगों ने उनसे इस तरह की अनैतिक राजनीति को चुनौती देने के लिए कहा, लेकिन पीएम अटल बिहारी वाजपेयी शुचिता की राजनीति पर चले। अगले चुनाव में उन्होंने मजबूत जनादेश के साथ वापसी की।

संविधान के मूल्य संरक्षण में भी, उनके जैसा कोई नहीं था। डॉ. श्यामा प्रसाद के निधन का उनपर बहुत प्रभाव पड़ा था। वो आपात के खिलाफ लड़ाई का भी बड़ा चेहरा बने। इमरजेंसी केबाद 1977 के चुनाव से पहले उन्होंने 'जनसंघ' का जनता पार्टी में विलय करने पर भी सहमति जता दी। मैं जानता हूं कि ये निर्णय सहज नहीं रहा होगा, लेकिन वाजपेयी जी के लिए हर राष्ट्रभक्त कार्यकर्ता की तरह दल से बड़ा देश था, संगठन से बड़ा, संविधान था।

हम सब जानते हैं, अटल जी को भारतीय संस्कृति से भी बहुत लगाव था। भारत के विदेश मंत्री बनने के बाद जब संयुक्त राष्ट्र संघ में भाषण देने का अवसर आया, तो उन्होंने अपनी हिंदी से पूरे देश को खुद से जोड़ा। पहली बार किसी ने हिंदी में संयुक्त राष्ट्र में अपनी बात कही। उन्होंने भारत की विरासत को विश्व पटल पर रखा। उन्होंने सामान्य भारतीय की भाषा को संयुक्त राष्ट्र के मंच तक पहुंचाया।

राजनीतिक जीवन में होने के बाद भी, वो साहित्य और अभिव्यक्ति से जुड़े रहे। वो एक ऐसे कवि और लेखक थे, जिनके शब्द हर विपरीत स्थिति में व्यक्ति को आशा और नव सृजन की प्रेरणा देते थे। वो हर उम्र के भारतीय के प्रिय थे। हर वर्ग के अपने थे।

मेरे जैसे भारतीय जनता पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं को उनसे सीखने का, उनके साथ काम करने का, उनसे संवाद करने का अवसर मिला। अगर आज बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है तो इसका श्रेय उस अटल आधार को है, जिसपर ये दृढ़ संगठन खड़ा है। उन्होंने बीजेपी की नींव तब रखी, जब कांग्रेस जैसी पार्टी का विकल्प बनना आसान नहीं था। उनका नेतृत्व, उनकी राजनीतिक दक्षता, साहस और लोकतंत्र के प्रति उनके अगाध समर्पण ने बीजेपी को भारत की लोकप्रिय पार्टी के रूप में प्रशस्त किया। श्री लालकृष्ण आडवाणी और डॉ. मुरली मनोहर जोशी जैसे दिग्गजों के साथ, उन्होंने पार्टी को अनेक चुनौतियों से निकालकर सफलता के सोपान तक पहुंचाया।

जब भी सत्ता और विचारधारा के बीच एक को चुनने की स्थितियां आईं, उन्होंने इस चुनाव में विचारधारा को खुले मन से चुन लिया। वो देश को ये समझाने में सफल हुए कि कांग्रेस के दृष्टिकोण से अलग एक वैकल्पिक वैश्विक दृष्टिकोण संभव है। ऐसा दृष्टिकोण वास्तव में परिणाम दे सकता है।

आज उनका रोपित बीज, एक वटवृक्ष बनकर राष्ट्र सेवा की नव पीढ़ी को रच रहा है। अटल जी की 100वीं जयंती, भारत में सुशासन के एक राष्ट्र पुरुष की जयंती है। आइए हम सब इस अवसर पर, उनके सपनों को साकार करने के लिए मिलकर काम करें। हम एक ऐसे भारत का निर्माण करें, जो सुशासन, एकता और गति के अटल सिद्धांतों का प्रतीक हो। मुझे विश्वास है, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के सिखाए सिद्धांत ऐसे ही, हमें भारत को नव प्रगति और समृद्धि के पथ पर प्रशस्त करने की प्रेरणा देते रहेंगे।

# संता क्लॉज़ : एक दयालु संत से लेकर बच्चों के प्रिय उपहार वाहक तक



डॉ. त्रिलोक नाथ पांडेय

**प्रस्तावना**

**हर साल क्रिसमस पर बच्चों और बड़ों को उपहार देने वाले लाल पोशाक पहने, हंसमुख चेहरे वाले सांता क्लॉज़ की छवि हर किसी के दिल में बस गई है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सांता क्लॉज़ का यह रूप कैसे अस्तित्व में आया? उनका इतिहास सैकड़ों वर्षों पुराना है और इसमें धार्मिक, सांस्कृतिक और लोककथाओं का अनोखा मेल देखने को मिलता है। आइए जानते हैं, इस प्रिय चरित्र के सफर की कहानी।**

**1. संत निकोलस की कहानी:**

सांता क्लॉज़ की कहानी की शुरुआत संत निकोलस से होती है, जो 4वीं शताब्दी में तुर्की (उस समय मायरा नामक क्षेत्र) में एक धर्मगुरु (बिशप) थे। उन्हें उनकी दयालुता और परोपकार के लिए जाना जाता था। संत निकोलस ने ग़रीबों और ज़रूरतमंदों की गुप्त रूप से मदद की।

सबसे प्रसिद्ध कहानी एक गरीब व्यक्ति की है, जिसकी तीन बेटियों की शादी के लिए दहेज का प्रबंध नहीं हो पा रहा था। संत निकोलस ने रात के अंधेरे में उसकी खिड़की के पास सोने से भरी थैली रख दी। इस कहानी ने ही गुप्त रूप से उपहार देने की परंपरा को जन्म दिया।

**2. डच परंपरा में 'सिंटरक्लास' :**

डच परंपरा में संत निकोलस को सिंटरक्लास कहा जाता था। डच लोग 5 दिसंबर को सिंटरक्लास दिवस मनाते थे। इस दिन, बच्चे अपने जूते बाहर रखते थे, जिनमें सिंटरक्लास और उनके सहायक उपहार और मिठाइयाँ डालते थे।

जब 17वीं शताब्दी में डच लोग अमेरिका (विशेष रूप से न्यूयॉर्क) पहुँचे, तो वे अपने साथ सिंटरक्लास की परंपरा भी ले आए। धीरे-धीरे, सिंटरक्लास का नाम सांता क्लॉज़ में बदल गया।

**3. अमेरिका में सांता का आधुनिक रूप :** अमेरिका में, सांता क्लॉज़ की छवि



19वीं सदी के साहित्य और कला के माध्यम से बदली।

1809 में, लेखक वॉशिंगटन इरविंग ने ए हिस्ट्री ऑफ न्यूयॉर्क नामक पुस्तक में सांता क्लॉज़ का उल्लेख किया।

1823 में, क्लेमेंट क्लार्क मूर द्वारा लिखी गई कविता ए विजिट फ्रॉम सेंट निकोलस (जिसे 'ढुरी ींहश छळसहीं इश-षीश उहीळींीरी के रूप में भी जाना जाता है) ने सांता क्लॉज़ के व्यक्तित्व और उनकी छवि को लोकप्रिय बनाया। इसमें सांता को एक मोटे, हंसमुख बूढ़े व्यक्ति के रूप में दिखाया गया, जो एक उड़ने वाली बर्फ़ की स्लेज (ीश्रशळसह) और आठ रेनडियर के साथ आता है और चिमनी के रास्ते घर में घुसकर बच्चों के लिए उपहार छोड़ता है।

**4. सांता की छवि का विकास :**

सांता क्लॉज़ की छवि 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी की शुरुआत में और भी स्पष्ट हो गई।

थॉमस नैस्ट, एक अमेरिकी कार्टूनिस्ट, ने 1860 के दशक में सांता क्लॉज़ के पहले व्यापक रूप से स्वीकार किए गए चित्र बनाए। उनके चित्रों में सांता को एक मोटे, सफेद दाढ़ी वाले बूढ़े व्यक्ति के रूप में दिखाया गया था, जो लाल और सफेद कपड़े पहनता था।

1930 के दशक में, कोका-कोला कंपनी ने सांता क्लॉज़ को अपने विज्ञापनों में दिखाया। इन विज्ञापनों ने सांता की छवि को और पुख्ता कर दिया, जिसमें वह लाल कपड़े, सफेद फर और काले जूते पहने हुए मुस्कुराते हुए दिखाई देते थे।

**5. आधुनिक युग का सांता क्लॉज़:**

आज, सांता क्लॉज़ क्रिसमस के प्रतीक के रूप में दुनिया भर में प्रसिद्ध हैं। बच्चों के लिए, वह उपहार और खुशी का वाहक हैं। माना जाता है कि वह उत्तरी ध्रुव (नॉर्थ पोल) में अपनी खिलौनों की कार्यशाला में रहते हैं, जहाँ उनकी मदद के लिए एल्फ़ (शर्श्रींशी) नामक छोटे कारीगर काम करते हैं। बच्चों को उपहार देने के लिए सांता उड़ने वाली स्लेज और रेनडियर के साथ पूरी दुनिया की यात्रा करते हैं।

**निष्कर्ष :**

सांता क्लॉज़ का रूप समय के साथ बदला है, लेकिन उनकी दयालुता, प्रेम और उपहार देने की परंपरा आज भी कायम है। उनकी कहानी संत निकोलस की पर-ोपकार की भावना से शुरू होती है और आज वह खुशी और उत्सव के प्रतीक बन गए हैं। सांता क्लॉज़ की छवि ने बच्चों के दिलों में आशा और विश्वास की भावना को जीवित रखा है, और यही कारण है कि वे आज भी क्रिसमस के सबसे पसंदीदा पात्र हैं।

## वर्ग पहेली नं. 2956

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | 4 | ■ | 5 | |
| | ■ | 6 | | 7 | ■ | 8 | | | ■ |
| 9 | | | ■ | 10 | | | ■ | 11 | |
| | ■ | 12 | 13 | | ■ | 14 | | | ■ |
| 15 | 16 | ■ | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | 25 | | ■ | |
| 26 | ■ | | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | | | | ■ | 30 | | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) अन्नमल, 3) कोहरा; प्रसिद्धि; *स्टारडम*; हल्ला-गुल्ला, 5) चाबुक; दम *(धूम्रपान)*, 6) गाँजा, 8) विषाक्त, 9) धर्मस्थल का पर्यटक; तीर्थाटन करनेवाला, 10) दुर्गंध, 11) *स्कूली बैग,* 12) अर्हतासंपन्न, 14) रखवाला, 15) संशय, 17) इच्छा; दिल; चित्त, 18) एक राशि; मछली, 19) रुपया-पैसा, 20) कामली; *ब्लैंकेट*, 22) सत्ताधिकार; धनुष; मेहराब, 24) ठकठक *(द्वार पर)*, 27) जलता कोयला, 28) मैला, 29) इधर-उधर बिखरा हुआ, 30) सजधज; *मेकअप*.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) एक त्यौहार, 2) भयानक; दानवीय; निर्दय, 4) विवश होकर, 5) आस-पास; अनुमानित, 6) रोटी बेलने का गोल पाटा, 7) दंड; शिक्षापाठ, 13) निःसंदेह, 16) सुवर्ण, 17) सहायक, 20) अज्ञातवासी युधिष्ठिर का नाम *(महाभारत)*, 21) घुँघराला, 23) निपुण; *ऐक्सपर्ट*, 25) मानक; विकास-अवस्था, 26) न्याय; लोक-व्यवहार नियम; कार्यदिशा, 27) समाप्ति, 28) जान्हवी.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | धि | ■ | गू | ■ | चं | ब | ल | ■ | अ |
| वा | ■ | न | दा | र | द | ■ | क्षा | णि | क |
| ह | रा | मी | ■ | मे | न | का | ■ | ■ | स्मा |
| ■ | जी | ■ | अं | श | ■ | रो | मां | चि | त |
| अ | व | सा | द | ■ | बा | बा | ■ | ल | ■ |
| धु | ■ | ■ | रू | ढ़ | ■ | र | स | म | य |
| रा | ह | ज | नी | ■ | शौ | ■ | ह | ■ | था |
| ■ | जा | ■ | ■ | श | ल | ग | म | ■ | व |
| अ | ना | व | श्य | क | ■ | ■ | ति | ब्ब | त |

## सुडोकू-पहेली-2916

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | 8 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | | | | 6 | 2 | | | |
| | 4 | | | | | 9 | | |
| | | | | 3 | | | | |
| 3 | | | | | | | | 6 |
| | | | 9 | | | | 4 | |
| | 8 | | 5 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2915 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 5 | 8 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 6 | 9 |
| 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 9 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 2 | 8 | 6 | 1 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 | 3 |

# कुलाधिपति का चेयर खाली, जेयू के दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हुए राज्यपाल




**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस मंगलवार को यादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हुए। राजभवन ने कहा कि इसके आयोजन में उचित औपचारिकताओं का पालन नहीं किया गया। बता दें कि गत सोमवार को सरकारी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बोस ने कार्यवाहक कुलपति भास्कर गुप्ता को पत्र लिखकर कहा था कि दीक्षांत समारोह कई नियमों और कानूनों का उल्लंघन करते हुए आयोजित किया गया है और यह अवैध है।

यादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) की कार्यकारी परिषद में कुलाधिपति द्वारा मनोनीत सदस्य काजी मासूम अख्तर ने दीक्षांत समारोह में भाग लेने के बाद बताया कि राजभवन निराश है और राज्यपाल नियमों का पालन नहीं किए जाने से दुखी और अपमानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थायी कुलपति नहीं होने और अनिवार्य कोर्ट मीटिंग के लिए कोई पूर्व सूचना न दिए जाने के कारण राज्यपाल दीक्षांत समारोह को अवैध और कदाचार से भरा मानते हैं – जिसकी तिथि कार्यकारी परिषद की बैठक में तय की गई थी। अख्तर ने कहा कि हालांकि, वर्षों से दीक्षांत समारोह की तिथि 24 दिसंबर रही है, लेकिन असाधारण परिस्थितियों में इसे टालने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि मैं राज्यपाल से अनुमति लेने के बाद आज के कार्यक्रम में आया हूं। उन्होंने कहा कि जनसंचार के कुछ छात्रों के आरोप कि उनकी परीक्षा की कॉपियों का उचित मूल्यांकन नहीं किया गया, इस मुद्दे का भी समारोह से पहले समाधान किया जाना चाहिए था।

भास्कर गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा कि यह दुखद है कि कुलाधिपति दीक्षांत समारोह में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने कहा कि उचित होता यदि कुलाधिपति मौजूद होते। लेकिन यह उनका निर्णय था। गुप्ता ने दीक्षांत समारोह आयोजित करने में प्रक्रियाओं का पालन नहीं किए जाने के आरोप जिक्र करते हुए कहा कि वे हमेशा ईमानदारी और पारदर्शी तरीके से काम करने में विश्वास रखते हैं। राजभवन के आरोप को खारिज करते हुए 'प्रो-वीसी' अमिताभ दत्ता ने कहा कि निर्णय लेने वाले विश्वविद्यालय के सर्वोच्च निकाय कोर्ट की बैठक आयोजित करने सहित सभी प्रक्रियाओं का पालन किया गया और बोस की मंजूरी मांगी गई। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने कानून का पालन किया। कार्यकारी परिषद सदस्य मोनोजीत मंडल ने कहा कि राज्यपाल के कार्यालय को 24 दिसंबर को दीक्षांत समारोह आयोजित करने के निर्णय के बारे में अक्टूबर में सूचित किया गया था और नियमित पत्राचार किया गया था, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। अंग्रेजी विभाग के प्रमुख मंडल ने कहा कि अचानक एक सप्ताह पहले उन्होंने एक प्रेस नोट जारी करके प्रक्रिया को अवैध बताया। वे केंद्र की भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रहे हैं और जेयू जैसी संस्था की स्वायत्तता को कमजोर कर रहे हैं।

# महाप्रबंधक ने एस्प्लेनेड से ग्रीन लाइन के सियालदह खंड तक पश्चिम की ओर जाने वाली सुरंग का ट्रॉली निरीक्षण किया



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक व केएमआरसीएल के अध्यक्ष पी. उदय कुमार रेड्डी और मेट्रो रेलवे के प्रधान मुख्य अभियंता व केएमआरसीएल के प्रबंध निदेशक अनुज मित्तल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एक दिन पहले ट्रॉली निरीक्षण किया। ग्रीन लाइन के एस्प्लेनेड-सियालदह सेक्शन के बीच पश्चिम की ओर जाने वाली सुरंग में ट्रैक कार्यों को पूरा करने के लिए केएमआरसीएल द्वारा निर्धारित कार्यक्रम आयोजित किया गया था। वर्ष 2019 के 31 अगस्त को पानी घुसने और ढहने के कारण दोनों स्टेशनों के बीच बऊबाजार स्थान पर इस खंड में काम बाधित हो गया था, इसके बाद 11 मई 14 नवम्बर 2022 को इसी तरह की दो और घटनाएं हुईं। उन्नत रेट्रोफिटिंग विधियों, भूभौतिकीय जांच के साथ भू स्थिरीकरण तकनीकों और आधुनिक ट्रैक फिटिंग का उपयोग करके आखिरकार पांच साल से अधिक की लंबी लड़ाई जीत ली गई। टीम ने पृष्ठभूमि में सुरंग और ट्रॉली के साथ विजय चिन्ह प्रदर्शित करके जश्न मनाया। महाप्रबंधक ने साल्टलेक सेक्टर फाइव से हावड़ा मैदान तक इस उपलब्धि को हासिल करने में केएमआरसीएल द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की और बऊबाजार में उद्घाटन को बंद करने सहित कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और अन्य सिस्टम कार्यों को भी युद्ध स्तर पर करने और ग्रीन लाइन के पूरे खंड को शीघ्र चालू करने के निर्देश जारी किए।

## आरपीएफ ने ऑपरेशन अमानत के तहत यात्रियों को उनका खोया हुआ सामान लौटाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरपीएफ कर्मियों ने पिछले सप्ताह के दौरान ऑपरेशन अमानत के तहत खोए हुए सामानों को उनके मालिकों को वापस लौटाया। जिसमें मोबाइल फोन से लेकर चिकित्सा उपकरणों तक, मूल्यवान और व्यक्तिगत वस्तुएं शामिल थी। 22 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण रिकवरी ऑपरेशन के तहत कुल 4,76,650 रुपये के मोबाइल फोन और 15 बैग्स में रखी बहुमूल्य वस्तुएं बरामद हुई। इससे पहले, 21 दिसंबर 2024 को आरपीएफ ने दो मोबाइल फोन, एक फ्लिप-टैप कार्टून बॉक्स, जैकेट, बाइक की चाबियां और अन्य व्यक्तिगत सामान जैसे नकद और इलेक्ट्रॉनिक्स, जिनकी कुल कीमत 1,54,572 रुपये थी। 20 दिसंबर को, तीन मोबाइल फोन, एक जोड़ी इयरबड्स, और कई बैग्स जिनमें खिलौने, कपड़े, परफ्यूम और नकद रखा था, जिनकी कुल कीमत 67,360 रुपये थी। आरपीएफ अधिकारियों की कड़ी मेहनत के बाद इन वस्तुओं को उनके मालिकों को सुरक्षित रूप से लौटाया गया। इसके अलावा, 19 दिसंबर 2024 को एक ऑपरेशन में चार मोबाइल फोन, एक कंबल और ग्यारह बैग्स जिसमें लैपटॉप, मोबाइल फोन, कपड़े, ग्रूमिंग आइटम्स और 19,500 रुपये नकद थे, जिनकी कुल कीमत 1,88,810 रुपये थी। ऑपरेशन की शुरुआत 18 दिसंबर को एक मोबाइल फोन, एक जैकेट, और बैग्स में रखे लैपटॉप, मोबाइल फोन और व्यक्तिगत सामान जैसे कपड़े और पानी की बोतलें बरामद करने से हुई थी। इन सामानों की कुल कीमत 1,60,600 रुपये थी। ऑपरेशन अमानत के माध्यम से, आरपीएफ ने यात्री सामान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया है।

# पूर्व रेलवे कर्मचारियों के सहकारी बैंक ने लिलुआ में खोला नया एटीएम



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे कर्मचारियों के सहकारी बैंक द्वारा लिलुआ शाखा में एक नए एटीएम का उद्घाटन कर ग्राहकों की एक पुरानी मांग को पूरा किया गया है। इस एटीएम का उद्घाटन लिलुआ के मुख्य कार्यशाला प्रबंधक यतिश कुमार ने किया। इस नए एटीएम में सभी प्रकार के कार्ड उपयोग किए जा सकते हैं। खास बात यह है कि यह पूर्व रेलवे कर्मचारियों का सहकारी बैंक का मुख्यालय के बाहर स्थापित किया गया पहला एटीएम है। इस उद्घाटन समारोह में सभी शाखा अधिकारीगण और बैंक के अधिकारियों के प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जो बैंक की ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह नई सुविधा पूर्व रेलवे कर्मचारियों के सहकारी बैंक की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह अपने मूल्यवान ग्राहकों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने और उनके दरवाजे तक प्रभावी सेवाएं पहुंचाने के लिए हमेशा तत्पर है।

# महुआ के बाद अब मानस भुइयां, गुटबाजी के आरोप पर तृणमूल विधायकों ने ममता को लिखा पत्र



**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मंत्री मानस भुइयां पर गुटबाजी के आरोप लगाते हुए तृणमूल विधायकों के एक समूह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा है। इन विधायकों ने आरोप लगाया है कि मानस जिले में संगठन के भीतर पुराने तृणमूल नेताओं को दरकिनार कर अपने समर्थकों को तरजीह दे रहे हैं। विधायकों द्वारा भेजे गए दो पन्नों के पत्र में कहा गया है कि मानस भुइयां पुराने तृणमूल नेताओं को संगठन में काम करने से रोक रहे हैं और अपने लोगों को ही अवसर दे रहे हैं। पत्र में, इस बात का भी उल्लेख है कि मानस को इस काम में हाल ही में मेदिनीपुर विधानसभा उपचुनाव में जीतकर आए विधायक और जिला संगठन अध्यक्ष सुजॉय हाजरा का समर्थन प्राप्त है। इस पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में केशपुर की विधायक और पंचायत राज्य मंत्री शिउली साहा, दांतन के वरिष्ठ विधायक बिक्रम प्रधान और डेबरा के विधायक हुमायूं कबीर शामिल हैं। इनमें से अधिकांश विधायक तृणमूल कांग्रेस के पुराने नेता माने जाते हैं। विधायकों ने ममता बनर्जी से इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जिला राजनीति में इस तरह की गुटबाजी जारी रही, तो आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है जब तृणमूल कांग्रेस के भीतर गुटबाजी की बात सामने आई हो। कुछ समय पहले कृष्णानगर की सांसद महुआ मोइत्रा पर भी उनके क्षेत्र के विधायकों ने गुटबाजी के आरोप लगाते हुए ममता बनर्जी को पत्र लिखा था। हालांकि, ममता ने उस समय इस पर कोई सीधी प्रतिक्रिया नहीं दी थी। पश्चिम मेदिनीपुर में गुटबाजी का यह मामला तृणमूल कांग्रेस के लिए आगामी चुनावों से पहले चुनौती बन सकता है।

# क्रिसमस में भीड़ पर मेट्रो में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, विशेष बल रहेंगे तैनात

**कोलकाता, समाज्ञा :** क्रिसमस में भारी भीड़ को देखते हुए बुधवार को मेट्रो रेलवे एस्प्लेनेड, पार्क स्ट्रीट, मैदान, रवीन्द्र सदन, दम दम और दक्षिणेश्वर मेट्रो स्टेशनों पर अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किया गया। इन स्टेशनों पर सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर अच्छी तरह से प्रशिक्षित आरपीएफ कर्मियों को तैनात किया जाएगा। मेट्रो आरपीएफ उस दिन यात्रियों की परेशानी मुक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन स्टेशनों पर अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती की व्यवस्था करेगी। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पार्क स्ट्रीट स्टेशन पर पर्याप्त महिला आरपीएफ अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। एक विशेष टीम क्रिसमस को पार्क स्ट्रीट, मैदान और एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशनों पर विशेष बल के रूप में मौजूद रहेगी। यह टीम किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेगी। सेंट्रल कंट्रोल पर पर्याप्त स्टाफ तैनात किया जाएगा। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़े पैमाने पर सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। चूंकि पार्क स्ट्रीट उत्सव का मुख्य केंद्र है, भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कतार प्रबंधकों, लाउड हेलर्स और रस्सियों आदि का भी उपयोग किया जाएगा। भीड़ को प्रबंधित करने के लिए उस दिन पार्क स्ट्रीट मेट्रो स्टेशन पर एक अधिकारी और चार कर्मचारियों की एक और विशेष टीम तैनात की जाएगी। यात्रियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए पार्क स्ट्रीट, मैदान और एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में आरपीएफ कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

# हेरिटेज स्कूल का वार्षिक खेल प्रतियोगिता सम्पन्न, तीन दिवसीय कार्यक्रम में हजार से अधिक छात्रों ने लिया हिस्सा





**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज स्कूल ने वार्षिक खेलों के सफल समापन की घोषणा की। वार्षिक खेल की शुरुआत 13 दिसंबर को शुरू हुआ जो कि 21 दिसंबर को समाप्त हुआ। इस वर्ष के आयोजन ने विभिन्न आयु समूहों के छात्रों की असाधारण खेल प्रतिभाओं को उजागर किया, जिससे समुदाय और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा मिला। उत्सव की शुरुआत 13 दिसंबर को कक्षा खखख और खत के लिए स्मॉललिंपिक्स के साथ हुई, जिसमें सम्मानित टेबल टेनिस खिलाड़ी पौलुमी घटक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थीं। घटक ने स्कूल के प्रभावशाली खेल बुनियादी ढांचे के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संकाय की सराहना की। 14 दिसंबर को अंकुरन, कक्षा ख और खख के लिए मिलिलिम्पिक्स ने सबसे कम उम्र के एथलीटों के कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी एवं प्रसिद्ध कोच गौतम सरकार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। वह छात्रों द्वारा प्रदर्शित उत्साह और प्रतिभा से काफी प्रभावित हुए। 21 दिसंबर को मिडिल और सीनियर स्कूल का वार्षिक खेलकूद हुआ। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर सुमित मुखर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए और छात्रों के जीवंत प्रदर्शन से आश्चर्यचकित रह गए। वार्षिक खेलों के दौरान, छात्रों ने लंबी कूद, दौड़, अभ्यास, मार्शल आर्ट और बहुत कुछ सहित विविध प्रकार की घटनाओं में भाग लिया। इस कार्यक्रम में 1,000 से अधिक अभिभावकों और छात्रों ने उत्साह-पूर्वक भाग लिया, सभी ने एक साथ आकर खेल भावना का जश्न मनाया। कार्यक्रम में कॉलेज की प्रिंसिपल सीमा सप्रू ने कहा कि हर साल मुझे छात्रों और शिक्षकों को हेरिटेज परिसर में वार्षिक खेलों को सफल बनाते हुए देखकर बहुत अच्छा लगता है। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ पी.के.अग्रवाल ने कहा कि इस आयोजन के दौरान प्रदर्शित समर्पण और टीम वर्क वास्तव में उन मूल्यों को दर्शाता है जिन्हें हम अपने संस्थान में कायम रखते हैं। हेरिटेज स्कूल आकर्षक खेल गतिविधियों के माध्यम से अपने छात्रों के शारीरिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस वर्ष के वार्षिक खेलों का समापन न केवल एथलेटिक उपलब्धि का जश्न है, बल्कि विरासत समुदाय के भीतर एकता और सौहार्द का प्रमाण भी है।

## स्टेट आईएनटीयूसी सेवादल पीली टैक्सी को हटाने के खिलाफ प्रदर्शन में हुए शामिल



**कोलकाता, समाज्ञा :** स्टेट आईएनटीयूसी सेव-ादल मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय बिमान सेवा परिसर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल हुए। 15 साल पुरानी पीली टैक्सी को हटाने के खिलाफ प्रदर्शन किया गया, जिसमें सांताक्लोज के लोग भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को शंकर नाथ हाजरा, स्वपन सरकार, इंद्र दे, श्रीजा घटक, म्रिगांक मुल्लिक, शीला चक्रवर्ती, रोहन मल्लिक, के अलावा और भी कई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने सफल बनाया। यह जानकारी राज्य आईएनटीयूसी सेवादल के अध्यक्ष प्रमोद पांडे ने दी।

## कीको ने गुरूग्राम के एम्बिएन्स मॉल में खोला अपना सबसे बड़ा फ्लैगशिप स्टोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** 65 सालों से 120 देशों में पैरेंट्स के भरोसेमंद बेबी केयर ब्रांड कीको ने गुरूग्राम के एम्बिएन्स मॉल में अपने नए फ्लैगशिप स्टोर का लॉन्च किया। यह नया स्टोर भारत में रीटेल फुटप्रिन्ट बढ़ाने तथा गुरूग्राम के परिवारों के लिए भरोसेमंद बेबी केयर सोल्युशन्स उपलब्ध कराने के कीको के प्रयासों की पुष्टि करता है। यह नया स्टोर देश में कीको के विस्तार में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि है जो एनसीआर में विश्वस्तरीय बेबी केयर प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आर्टसाना इंडिया (कीको) के सीईओ राजेश वोहरा ने फ्लैगशिप स्टोर का उद्घाटन किया, जो देश में ब्रांड का सबसे बड़ा स्टोर भी है। शहर की प्राइम लोकेशन में मौजूद यह स्पेशियस स्टोर एम्बिएन्स मॉल की दूसरी मंजिल पर स्थित है। स्टोर के अनुकूल माहौल में पैरेंट्स अपने बेबी के लिए प्रोडक्ट्स की व्यापक रेंज की खरीदारी कर सकते हैं जैसे कपड़े, स्ट्रॉलर, कार सेफ्टी सीट आदि।

## मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड ने कल्याणी में एक अत्याधुनिक लेबोरेटरी का किया शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमीरा शाह के नेतृत्व वाली मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर, भारत की दूसरी सबसे बड़ी और सबसे प्रतिष्ठित पैथोलॉजी प्रयोगशाला श्रृंखला, ने कल्याणी, पश्चिम बंगाल में अपनी एडवांस डायग्नोस्टिक लेबोरेटरी शुरू करने की घोषणा की है। लगभग 1200 वर्ग फुट के क्षेत्र को कवर करने वाली, यह अत्याधुनिक लैब प्रतिदिन 500 नमूनों को प्रोसेस करने में सक्षम है और बुनियादी पैथोलॉजी से लेकर एडवांस मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स तक कई तरह के परीक्षण प्रदान करती है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, मेट्रोपोलिस हेल्थकेयर लिमिटेड के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (दक्षिण और पूर्वी भारत) बालकृष्णन जे ने कहा, कल्याणी में इस डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ टियर 2 और टियर 3 शहरों को हाई क्वालिटी डायग्नोस्टिक्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को साबित करता है। यह सुविधा उन्नत तकनीक और कुशल पेशेवरों के समर्थन से तेज और सही डायग्नोस्टिक्स प्रदान करके स्थानीय स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी।

# क्षत्रिय चेतना मंच का वार्षिकोत्सव सम्पन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** क्षत्रिय चेतना मंच का भव्य वार्षिकोत्सव रविवार की संध्या काशीपुर में संपन्न हुआ। संरक्षक कामेश्वर सिंह एवं गिरिजा शरण सिंह के नेतृत्व में अध्यक्ष तारक दत्त सिंह एवं महासचिव संजय सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई। भारत क्षत्रिय समाज की संपूर्ण कार्य समिति के सदस्यवृंद, संरक्षक अरविंद सिंह, राजगृह सिंह एवं अध्यक्ष रणधीर सिंह एवं महासचिव मनोज सिंह 'आदर्श' के नेतृत्व में समारोह में शामिल हुए। अखिल भारतीय आजमगढ़ सेवा संघ के अध्यक्ष रामानुज सिंह एवं उनके कमेटी के सदस्यगणों का भी वार्षिकोत्सव में आगमन हुआ। रणधीर सिंह, कामेश्वर सिंह, राजगृह सिंह, रामबाबू सिंह, मनोज सिंह 'आदर्श' एवं क्षत्रिय चेतना मंच के साहित्य मंत्री रवि प्रताप सिंह ने अपने वक्तव्य से समाज में क्षत्रियों की वर्तमान भूमिका सहित समाज में उनके कर्तव्यों के बारे प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बुजुर्गों का सम्मान, नारी सम्मान, बालकों को पुरस्कार सहित संस्था के साहित्य मंत्री रवि प्रताप सिंह को उनकी साहित्यिक उपलब्धियों के लिए 'क्षत्रिय गौरव सम्मान' से नवाजा गया। प्रधान परामर्शदाता आनंद किशोर मिश्रा 'मुन्ना' की उपस्थिति में कार्यक्रम का सफल संचालन संस्था अध्यक्ष ठाकुर तारक दत्त सिंह ने सहयोगी संचालक कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश सिंह के साथ कुशलतापूर्वक संपादित किया।

# श्री जैन विद्यालय कोलकाता में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन इस वर्ष 24 दिसंबर को विद्यालय के पारसमल कांकरिया सभागार में धूमधाम से किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्रों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों और गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरेश गोयनका विशिष्ट अतिथि के रूप में कंपनी सेक्रेटरी अनिल मुरारका (विद्यालय के भूतपूर्व छात्र) की उपस्थिति सभागार को सुशोभित की। समारोह का उद्देश्य छात्रों के शैक्षिक और सहशैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्टता को मान्यता देना और उन्हें प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के साथ विद्यालय के अध्यक्ष विनोद कांकरिया, मंत्री मनोज बोथरा और प्रधानाचार्य संजय कुमार पांडेय ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन तुलसी के पौधे पर जल अर्पण कर के किया जो पर्यावरण सुरक्षा का संदेश देता है ।

कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के छोटे बच्चों द्वारा वैष्णव जन गीत प्रस्तुत करने से हुआ, जिसमें उन्होंने विद्यालय के प्रति अपनी श्रद्धा और प्रेम को व्यक्त किया। इसके बाद विद्यालय के मंत्री मनोज बोथरा जी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके कठिन परिश्रम और उत्कृष्टता के लिए सराहा और यह बताया कि पुरस्कार सिर्फ शैक्षिक सफलता का प्रतीक नहीं होते, बल्कि ये विद्यार्थियों के समर्पण, मेहनत और ईमानदारी का भी प्रतीक हैं। स्टूडेंट ऑफ द ईयर के रूप में विद्यालय के छात्र प्राथमिक विभाग से गर्वित गोयनका माध्यमिक विभाग से सौम्यजीत परीदा और उच्च माध्यमिक के वाणिज्य विभाग से प्रांजल तिवारी और विज्ञान विभाग के आयूष पांडेय को चुना गया। प्रोत्साहन हेतु 7500/- की नगद राशि प्रदान की गई। 'डायमंड इन द रॉफ/ गुदड़ी के लाल' अवार्ड से संदीप राय को 11 हजार की नगद राशि से नवाजा गया जो कि विद्यालय में यह सुरेश गोयनका द्वारा नई पहल के रूप में शुरुआत हुई। विद्यालय के प्रमुख शिक्षकों और कर्मचारियों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस समारोह का संचालन विद्यालय की अध्यापिका सर्वप्रिय मृदुभाषी सुमिता कौशिक द्वारा संपन्न हुआ।

समारोह के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार पांडेय ने समापन भाषण दिया। उन्होंने सभी छात्रों और शिक्षकों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें अपने लक्ष्यों की ओर लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# मर्यादित जीवन के आदर्श प्रेरणापुंज हैं भगवान श्रीराम : स्वामी गिरिशानन्द सरस्वती



**कोलकाता, समाज्ञा :** भगवान श्रीराम आदर्श और मर्यादित जीवन के प्रेरणापुंज हैं। जिनके हृदय में भगवान के प्रति प्रेम होता है उसे ही सत्संग का अवसर मिलता है। ऐसा सत्संगी भगवान का प्रिय पात्र होता है। कभी-कभी परम ज्ञानी भी भक्त को नहीं पहचान नहीं पाते। अयोध्या में ब्रह्मनिष्ठ वशिष्ठ जी भक्त भरत के हृदय में जा राम प्रेम था, उसे समझ नहीं पाए और न ही सदा राम के पास रहने वाले परम सेवक लक्ष्मण जी चित्रकूट में। जब भरत को पता लगा कि राम वनवास चले गए हैं तो वह अपनी माता कैकेयी को बहुत खरी-खोटी सुनाते हैं। पुत्र के वियोग में दशरथ जी अपने प्राण त्याग देते हैं। तब भरत राम जी को लेने वन में जाते हैं लेकिन भगवान राम पिताजी के वचन को निभाने के लिए भरत को बहुत समझाते हैं लेकिन भरत नहीं मानते तब राम जी अपनी खड़ाऊ भरत को देते हैं और भरत कहता है कि जब तक आप वनवास में रहूंगा और खड़ाऊ को राजगद्दी पर विराजमान करूंगा। केवट भगवान को नैया पार कराने लगते हैं तब केवट जी को एहसास हो जाता है कि ये साक्षात भगवान हैं। तब केवट भगवान को नैया पार कराने के बाद राम उनको कहते हैं कि बताओ आपको क्या चाहिए। तब केवट कहते हैं कि मुझे तो केवल आपका आशीर्वाद चाहिए। ये बातें महाराजा अग्रसेन धाम के तत्वावधान में श्रीराम कथा पर प्रवचन करते हुए स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने डिविनिटी पवेलियन सभागार (श्रीभूमि, लेकटाउन) में कही। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान ओम-सुमन जालान व दैनिक यजमान दिनेश-सुनीता अड़ूकिया व विवेक अड़ूकिया ने व्यासपीठ का पूजन किया। अलवर राजस्थान से पधारे स्वामी मुक्तानन्द महाराज ने अपने सारगर्भित व्याख्यान में भगवानश्री राम के जीवन-प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का सम्पूर्ण जीवन-वांगम्य भारतीय ज्ञान-मंजूषा की अनमोल धरोहर है। उन्होंने कहा कि सनातनधर्मियों को अपने धर्म और संस्कृति पर गर्व करते हुए इसके संवर्धन व संरक्षण का प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामकथा में ज्ञान, भक्ति, वैराग्य, धर्म और साधना के सूत्र मिलते हैं तो जीवन के रहस्य भी प्रगट होते हैं। श्रीराम के चित्र से अधिक उनके चरित्र को अपनाने की जरूरत है। भगवान श्रीराम अनुकूल और प्रतिकूल-सभी परिस्थितियों में समभाव रहते हैं। मुरारीलाल दीवान, श्यामसुन्दर अग्रवाल, बृजमोहन गाड़ोदिया, सत्यनारायण देवरालिया, बनवारीलाल सोती, बिरमप्रकाश सुल्तानिया, केशव बूबना, रमेश सोंथलिया, पार्षदद्वय मीना पुरोहित व विजय ओझा, पवन माधोगढ़िया, कैलाश क्याल, सुशील अग्रवाल, रवि खेतान, जगमोहन बागला, महावीर सेवा सदन के जसवन्त सिंह मेहता, विजय सिंह चोरड़िया, दिनेश सेक्सरिया, हरि सराफ, गोपाल-उषा नरेड़ी, श्रवण सराफ, सुशील चौधरी, बजरंग अग्रवाल, स्वाति सराफ, बबीता दीवान, आदित्य माखरिया, विष्णु सुरेका, खाटूश्याम मंदिर से पधारे महेंद्र सिंह चौहान, श्रीसीताराम सत्संग समिति के अमरचन्द, विद्याधर पारीक आदि गणमान्य लोगों ने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। आयोजन की सफलता हेतु संस्था के मंत्री निर्मल सराफ, अनिल केडिया, अशोक चूड़ीवाल, अशोक अग्रवाल, मनोज बंका, तरूण सरिया सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय थे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार प्रकाश चण्डालिया ने किया।

# आईआरसीटीसी ने महाकुंभ ग्राम-आईआरसीटीसी टेंट सिटी, प्रयागराज में तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए की तैयारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी), प्रयागराज में महाकुंभ ग्राम-आईआरसीटीसी टेंट सिटी में तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। प्रयागराज के सेक्टर-25 अरील रोड, नैनी में त्रिवेणी संगम से मात्र 3.5 किमी की दूरी पर स्थित, महाकुंभ ग्राम तीर्थयात्रियों को स्नान घाटों और अन्य आकर्षणों तक बेहतरीन पहुंच प्रदान करता है। यह टेंट सिटी विशेष रूप से पर्यटकों के लिए डिजाइन की गई है और इसमें सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। टेंट सिटी का त्रिवेणी घाट के पास स्थित होना उन मेहमानों के लिए एक अतिरिक्त लाभ है, जो स्नान करने के इच्छुक हैं। सुपर डीलक्स टेंट और विला टेंट्स, जिनमें इनसुइट बाथरूम, 24 घंटे गर्म और ठंडे पानी की सुविधा, सभी समय पर आतिथ्य टीम की सेवा, रूम ब्लोअर, बिस्तर की चादर, तौलिये और टॉयलेटरीज जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, आकर्षक दरों पर उपलब्ध हैं, जिसमें सभी भोजन शामिल हैं। विला टेंट्स के मेहमानों को एक अलग आरामदायक बैठने का क्षेत्र और टेलीविजन भी मिलेगा। सीसीटीवी निगरानी के माध्यम से मेहमानों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित की जाएगी। महाकुंभ ग्राम में प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं और 24 घंटे आपातकालीन सहायता भी उपलब्ध होगी।

# न्यू अलीपुर के दुर्गापुर ब्रिज पर लगा हाईट बार

## भारी और मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** न्यू अलीपुर के दुर्गापुर ब्रिज परअस्थायी ऊंचाई पट्टी सेट की गई। न्यू अलीपुर में दुर्गापुर ब्रिज ने भारी मालवाहक वाहनों, ट्रकों, यहां तक कि बसों को भी रोक दिया। फिलहाल, इस पुल पर 2 और 4 पहिया वाहन चलेंगे। वाहन की अधिकतम गति भी प्रतिबंधित है। केएमडीए पुल को हुए नुकसान की जांच करेगा। परीक्षण के बाद अगले निर्णय पर चर्चा करें। न्यू अलीपुर में दुर्गापुर ब्रिज के नीचे एक झुग्गी बस्ती में शनिवार को आग लग गई। ऐसे क्षणों में जो भयानक रूप धारण कर लेते हैं। एक-एक कर झोपड़ियाँ जल गईं। आग बुझाने के लिए न सिर्फ दमकलकर्मियों को



बल्कि सेना को भी उतारना पड़ा। केएमडीए के चेयरमैन फिरहाद हकीम ने कहा कि दुर्गापुर पुल के नीचे लगी आग ने भीषण रूप ले लिया। अगले ही दिन हमारा स्वास्थ्य ऑडिट हुआ। बाहर से कुछ भी समझ में नहीं आता। कुछ प्लास्टर उखड़ गया है। यह काम कर रहा हैं। यह देखने के लिए उपकरण का उपयोग करना होगा कि कोई लोहा अंदर मुड़ा हुआ है या नहीं, गर्मी से कोई नुकसान तो नहीं हो रहा है। हमने बैरिकेडिंग कर दी है ताकि भारी वाहन दुर्गापुर ब्रिज से न गुजर सकें।

### मां फ्लाईओवर में रात 10 बजे से सुबह 7 बजे तक बाइक चलाने पर प्रतिबंध

मां फ्लाईओवर में बाइक यात्रा का समय कम कर दिया गया है। मां फ्लाईओवर पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बाइक चलाना प्रतिबंधित कर दिया गया। अब यह समयसीमा बढ़ा दी गई है अब बाइकर्स सुबह सात बजे से मां फ्लाईओवर का इस्तेमाल कर सकेंगे। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लालबाजार यातायात विभाग ने यह निर्णय लिया है। मां फ़्लाइओवर में दिन-ब-दिन बाइकर्स का उत्पात बढ़ता जा रहा है। तेज रफ्तार के कारण एक के बाद एक हादसे हो रहे हैं। पिछले रविवार सुबह मां फ्लाईओवर में एक दुर्घटना में दो बाइक सवारों की मौत हो गई। अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के कारण दोनों बाइक सवार फ्लाईओवर से नीचे गिर गए। इससे पहले उडालपूल में रात को बाइक रेसिंग चल रही थी। रेसिंग को रोकने के लिए रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बाइक पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कोलकाता पुलिस के यातायात विभाग के अनुसार सुबह छह बजे से बाइकों पर छूट दी गई । सुबह-सुबह उडालपूल पर कार का दबाव कम होता है। जिससे बाइक्स की स्पीड काफी बढ़ जाती है। हवाई अड्डे पर गति सीमा है लेकिन बाइकर्स को इसकी परवाह नहीं है। परिणाम स्वरूप दुर्घटनाएं होती हैं। सुबह सात बजे के बाद सड़क पर आवाजाही बढ़ गई।

# नाका चेकिंग के दौरान पुलिस के हत्थे चढ़े 2 कुख्यात बदमाश

**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा थाने की पुलिस की तत्परता से एक बार फिर अपराध की वारदात नाकाम हो गई। पुलिस ने आग्नेयास्त्र के साथ दो कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक बन्दूक समेत दो राउंड कारतूस बरामद किये गये हैं। पुलिस का नौमान है कि रात के अंधेरे में यह बदमाश किसी बड़ी अपराध की वारदात को अंजाम देने निकले थे। लेकिन पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बीती रात रिसड़ा के नेल्को इलाके में रिसड़ा थाना प्रभारी संजय सरकार के नेतृत्व में पुलिस ने नाका चेकिंग अभियान चलाया । इस अभियान के दौरान पुलिस की नजर बिना नंबर प्लेट की एक स्कूटी लेकर कोन्नगर की ओर से आ रहे दो संदिग्ध पर पड़ी। पुलिस उन्हें रोका तो दोनों संदिग्ध स्कूटी लेकर भागने लगे। पुलिस ने दो बदमाशों को चहेट कर



पकड़ लिया। बदमाशों की जांच की गई तो उनके पास से दो राउंड कारतूस के साथ एक आग्नेयास्त्र बरामद किया गया। पुलिस ने स्कूटी को जब्त कर लिया। आज दोनों बदमाशों को रिमांड की अर्जी के साथ श्रीरामपुर महकमा अदालत में पेश किया गया। रिमांड मिलने पर इनसे विस्तृत पूछताछ की जाएगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह यह दोनों कुख्यात एक समय हुगली जिले के डॉन (कुख्यात गैंगस्टर) दिवंगत रमेश महतो (हुबा श्यामल) के साथी हुआ करते थे। यह लोग विभिन्न संगीन अपराधों में शामिल है। कुछ समय से यह खुख्यात बदमाश पोलिएक की नजरों से छिपे हुए थे। यह लोग फिर से किसी अपराध की घटना को अंजाम देने की फ़िराक में थे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक हथियारों की आपूर्ति गौरीशंकर बारी नाम के अपराधी ने की है। पुलिस गौरीशंकर की तलाश कर रही है।

# राशन चोरी रोकने के लिए सख्त नियम, ग्राहकों का मोबाइल नंबर पंजीकृत अनिवार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** राशन में हेराफेरी रोकने के लिए खाद्य विभाग ने वितरण के दौरान 'पॉस मशीन' चालू रखने का आदेश जारी किया है। इस बार खाद्य विभाग ने ग्राहकों का मोबाइल नंबर दर्ज कराना अनिवार्य करने का आदेश दिया है। खाद्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक, राशन वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए यह पहल की गई है। इस बीच, जिनके पास राशन कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर नहीं है, उन्हें सामान देने से भी रोक दिया गया है। खाद्य विभाग के सूत्रों के मुताबिक, राज्य में कुल पंजीकृत राशन ग्राहकों की संख्या दो करोड़ नौ लाख है। इनमें से 1.32 लाख राशन कार्ड परिवार अपने मोबाइल नंबर से जुड़े हुए हैं। दूसरे शब्दों में, 77 लाख ग्राहकों के पास अभी भी उनके राशन कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर नहीं हैं। खाद्य विभाग को आशंका है कि इनमें से कई कार्ड फर्जी हो सकते हैं। बहुत से लोग राशन कार्ड पर सामान नहीं लेते होंगे। जिससे संबंधित कार्डों से राशन सामग्री में हेराफेरी की आशंका से इंकार नहीं किया जा रहा है। इसी वजह से माना जा रहा है कि राशन कार्ड के साथ मोबाइल कनेक्शन अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि, खाद्य विभाग की ओर से कहा गया है कि खाद्य विभाग राशन व्यवस्था में पारदर्शिता लाने के लिए ही नहीं बल्कि ग्राहकों को मोबाइल नंबर के जरिए विभिन्न सूचनाएं भी मुहैया कराता है। परिणामस्वरूप यदि मोबाइल कनेक्ट रहेगा तो उन्हें खाद्य विभाग से संबंधित विभिन्न सूचनाएं प्राप्त होंगी।

# तस्लीमा ने ममता सरकार पर रंगमंच महोत्सव से 'लज्जा' नाटक को जबरन रद्द करने का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तस्लीमा नसरीन ने राज्य सरकार पर कलाकारों तथा लेखकों की आवाज दबाने का आरोप लगाया और दावा किया कि उनके उपन्यास पर आधारित नाटक 'लज्जा' को राज्य में दो रंगमंच महोत्सवों में जबरन रद्द कर दिया गया। नसरीन ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उत्तर 24 परगना में गोबरडांगा नाट्योत्सव तथा हुगली में पांडुआ नाट्योत्सव में हस्तक्षेप किया और आयोजकों पर कार्यक्रम से नाटक हटाने का दबाव बनाया, क्योंकि उन्हें डर था कि इससे सांप्रदायिक दंगे भड़क सकते हैं। उन्होंने सोमवार को एक पोस्ट में लिखा कि नाटक का कार्यक्रम दो महीने पहले ही घोषित कर दिया गया था, लेकिन अचानक पुलिस ने आयोजकों पर दबाव डाला कि वे 'लज्जा' को सूची से हटा दें। आपको याद दिला दूं कि एक रंगमंच समूह ने दिल्ली में खचाखच भरे 'ऑडिटोरियम' में तीन बार इसी नाटक का मंचन किया था। नसरीन ने इस नाटक के मंचन से हिंसा भड़कने की आशंका जैसे 'बहाने' को लेकर राज्य प्रशासन की आलोचना की। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि मुझे इस आशंका के साथ राज्य छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा कि मेरी उपस्थिति कट्टरपंथी लोगों को दंगे भड़काने के लिए उकसाएगी। मैं समझ नहीं पा रही हूं कि दंगाइयों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है और लेखकों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति की आवाज को क्यों दबाया जा रहा है।

❑ **बंगाल पुलिस ने तसलीमा का आरोप किया खारिज**

राज्य पुलिस ने बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन के इस आरोप को मंगलवार को खारिज कर दिया कि राज्य सरकार ने उनके विवादास्पद उपन्यास 'लज्जा' पर आधारित एक नाटक के शो रद्द कर दिए। पुलिस ने स्पष्ट किया कि 'लज्जा' पर आधारित नाटक को नाट्य उत्सवों में दिखाए जाने वाले नाटकों की सूची से हटाने का फैसला पूरी तरह से आयोजकों का था। हुगली (ग्रामीण) और बारासात पुलिस जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने दावा किया कि जिला प्रशासन या पुलिस विभाग में किसी को भी इस बात की जानकारी नहीं थी कि 'लज्जा' पर आधारित नाटक के सारे शो रद्द कर दिए गए हैं।

# अधीर चौधरी ने दिल्ली और अन्य राज्यों में बंगाली भाषी छात्रों के उत्पीड़न पर पीएम को लिखा पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली और अन्य राज्यों के स्कूलों में बंगाली भाषी छात्रों के उत्पीडऩ पर चिंता व्यक्त की है। चौधरी ने कहा है कि अवैध घुसपैठियों को लक्षित करने वाले चल रहे अभियान वैध बंगाली भाषी निवासियों को अनुचित रूप से प्रभावित कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने और यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया कि बंगाली भाषी छात्रों और उनके परिवारों को ऐसे अभियानों में गलत तरीके से निशाना न बनाया जाए। हाल की घटनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में उथल-पुथल और सरकार बदलने के बाद दिल्ली में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां अधिकारी स्कूलों में बंगाली भाषी छात्रों को अलग-थलग कर



रहे हैं, उनसे उनके माता-पिता और मूल के बारे में पूछताछ कर रहे हैं। पत्र में, कहा गया है कि इसी तरह का उत्पीडऩ कई अन्य राज्यों में भी हो रहा है। मुर्शिदाबाद, मालदा, पश्चिम दिनाजपुर, नदिया, 24 परगना और अन्य जिलों से कई प्रवासी मजदूर हैं, जो नियमित रूप से दिल्ली सहित विभिन्न भारतीय राज्यों में प्रवास करते हैं। मेरी अपील है कि प्रयास हमेशा वास्तविक बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान करने पर केंद्रित होना चाहिए और बंगाल से एक भी बंगाली प्रवासी को परेशान नहीं करना चाहिए।

### बंडेल-हावड़ा मातृभूमि लोकल के बजाय चलेगी बंडेल-हावड़ा पैसेंजर स्पेशल

कोलकाता, समाज्ञा : बनारस रोड ओवर ब्रिज कार्य के कारण, 37202 बंडेल-हावड़ा मातृभूमि लोकल ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। यह ट्रेन 25 दिसंबर, 2024 से 22 जनवरी, 2025 तक रद्द रहेगी। इस रद्द ट्रेन के स्थान पर एक डाउन पैसेंजर स्पेशल ट्रेन बंडेल से उसी मार्ग पर चलेगी, जिसे सभी यात्री उपयोग कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी के खाने में छिपकली का कंकाल, अभिभावकों ने किया विरोध

**पश्चिम मेदिनीपुर :** आंगनवाड़ी भोजन फिर से विवादों में घिर गया। इस बार बच्चों के खाने में छिपकली गिर गई। इसकी शिकायत लेकर ग्रामीणों ने आंगनबाडी केंद्र पर प्रदर्शन किया। आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 94, बैकुंठपुर, ब्लॉक संख्या 1, दासपुर, पश्चिम मेदिनीपुर जिला। इलाके के लोगों ने शिकायत की कि मंगलवार की सुबह इलाके के आंगनबाडी केंद्र में बच्चों को खाना दिया गया। आरोप है कि उस खाने में छिपकली जैसी आकार की एक हड्डी मिली। बच्चों के भोजन में मिली बड़ी हड्डी को जब आंगनवाड़ी केंद्र की दादी को दिखाया गया तो उन्होंने उसे फेंक दिया। हालांकि, कुछ बची हुई हड्डियां भोजन में रह जाती हैं। फिर बवाल शुरू हो गया।केंद्र पर मौजूद बच्चों के परिजनों ने शिक्षक को घेरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बच्चों का खाना बनाने में लापरवाही के आरोप पर अभिभावकों का विरोध बढ़ गया। जब इलाके में माहौल गरमा गया तो दासपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने खाना खा चुके बच्चों को दासपुर ग्रामीण अस्पताल ले जाने की भी सलाह दी। हालांकि, बताया गया है कि अभी तक लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

# हावड़ा के मंदिर तल्ला मोड़ पर संयुक्त संग्रामी संयुक्त मंच का प्रदर्शन




**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के मंदिर तल्ला मोड़ पर संयुक्त संग्रामी संयुक्त मंच की ओर से केंद्र सरकार के बराबर डीए, कांटैक्ट टीचर्स को परमानेंट करने के लिए एवं टेट पास किए हुए सभी शिक्षकों की नियुक्ति आदि मामलों पर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। मंगलवार को प्रदर्शन में सभी सरकारी संगठनों के साथ सेगेसियश टीचर्स एंड इम्प्लाइज ऐसोसिएशन के राज्य अध्यक्ष अश्वनी कुमार राय व हावड़ा जिला सचिव भी शामिल हुए और अपना वक्तव्य रखकर इन मांगों पर सकारात्मक रुख के साथ पं बंगाल सरकार को अविलंब पूरी करने का आवाहन किया नहीं तो सड़कों पर प्रदर्शन और जोरदार करने के लिए सभी संगठन बाध्य होंगे। ये बताना आवश्यक है कि केंद्रीय सरकार सातवें वेतन आयोग के साथ 53% डीए और पं बंगाल सरकार छठे वेतन आयोग के साथ 14% डीए दे रही है और सभी संगठन इसके लिए अनेक दिनों से संघर्षरत हैं।

# नगरपालिका में अचानक पहुंचे तृणमूल विधायक, चेयरमैन जताई नाराज

**हुगली, समाज्ञा :** चुंचुड़ा के विधायक असित मजूमदार मंगलवार सुबह अचानक हुगली-चुंचुड़ा नगरपालिका पहुंच गए। विधायक के बिना पूर्व सूचना के हुगली-चुंचुड़ा नगरपालिका नगरपालिका पहुंचने पर चेयरमैन अमित राय नाराज हो गए। हुगली-चुंचुड़ा नगरपालिका मैं मंगलवार को खूब ड्रामा हुआ। नगरपालिका के स्वास्थ्य विभाग के सीआईसी जॉयदेव अधिकारी से इस दौरान विधायक असित मजूमदार की तीखी नोकझोंक हुई। यह सब देखकर नगरपालिका के कर्मचारी हैरान रह गए।

उल्लेखनीय हैं कि हुगली-चुंचुड़ा नगरपालिका के अस्थायी कर्मचारी पिछले दो महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण काम बंद कर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। इस कारण पूरे शहर में कूड़े-कचरे का अंबार लग गया था। आखिरकार मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद राज्य सरकार ने हुगली-चुंचुड़ा नगरपालिका को तीन करोड़ रुपये दिए जिससे मंगलवार को कर्मचारियों के बकाए वेतन का भुगतान होना है। आने वाले महीनों में कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करना नगरपालिका के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। नागपालिका को अपनी आय बढ़ाने के लिए लंबित करों की वसूली करनी होगी।

असित मजूमदार ने आरोप लगाया कि नगरपालिका में वर्क कल्चर ठीक नहीं है। इसलिए पिछले आठ महीनों में लगभग छह करोड़ रुपये का टैक्स वसूलना बाकी रह गया है। नगरपालिका के पास फिलहाल 10 लाख रुपए हैं। महीने खत्म होने के बाद कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की जरूरत पड़ेगी। वर्क कल्चर को ठीक किए बिना इतनी बड़ी राशि इकट्ठा कर पाना संभव नहीं है। इस दौरान, विधायक ने नगरपालिका के कर्मचारियों से खाते पर हस्ताक्षर करवाए। विधायक ने कहा कि कर्मचारी समय से कार्यालय पहुंचे और अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। हुगली-चुंचुड़ा नगरपालिका में विधायक की सक्रियता पर चेयरमैन अमित राय ने आपत्ति जताई है। अमित राय ने कहा कि यह एक स्वायत्त संस्था है। विधायक को यहां कोई काम नहीं है। मुझे नहीं पता कि वह ऐसा क्यों कर रहे हैं। मैं नहीं जानता कि वे क्यों आये। नगरपालिका के कर्मचारी समय पर आते हैं और काम भी करते हैं। कर (टैक्स) संग्रह उन कर्मचारियों द्वारा किया जाएगा, बाहरी लोगों द्वारा नहीं।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, सिचाई विभाग के अधिकारियों सहित 3 गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बनगांव में पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। सिचाई विभाग में नौकरी दिलवाने के नाम पर 12 लाख रुपये ठगने वाला सरकारी कर्मचारी एक ठगी के जाल में फंसल गया। पुलिस के अनुसार, जुलाई महीने में बनगांव के रावतारा इलाके के निवासी अब्दुल हाई मंडल ने बनगांव थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी शिकायत थी कि 2019 में सिचाई विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर मोहोर अली मंडल, अभिजीत मंडल और सम्राट चंद्र ने उनसे 12 लाख रुपये लिए थे। लंबे समय तक नौकरी न मिलने पर जब उन्होंने अधिकारियों पर दबाव डाला, तो उन्हें नौकरी के कागजात दिए गए। बाद में जब वह संबंधित विभाग में गए, तो पाया कि कागजात फर्जी थे और उन्हें ठगा गया था। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू की और महीनों तक आरोपियों की तलाश की। इस क्रम में मोहोर अली मंडल को बागदा से गिरफ्तार किया गया, और उनकी जानकारी पर सोमवार रात विश्वजीत मंडल को अशोकनगर से पकड़ा गया। सम्राट चंद्र को हाबरा के बनिपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को मंगलवार को बनगांव उपमहकमा अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने उन्हें पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

# गंगोत्री से गंगासागर तक बीएसएफ के महिला गंगा रिवर राफ्टिंग अभियान का समापन




❑ **बीएसएफ के महानिदेशक ने महिला टीम का किया जोरदार स्वागत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** महिला सशक्तीकरण और स्वच्छ व निर्मल गंगा के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल में सीमा सुरक्षा बल और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा आयोजित उत्तराखंड के गंगात्री से बंगाल के गंगासागर तक की 2500 किलोमीटर लंबी साहसिक यात्रा पर निकले बीएसएफ की 20 बहादुर महिला कर्मियों वाली आल-वूमेन गंगा रिवर राफ्टिंग अभियान का मंगलवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। महिला टीम गंगा व अन्य नदियों के रास्ते पांच राज्यों से होकर 53 दिनों में 2,500 किलोमीटर की दूरी तय कर दक्षिण 24 परगना जिले में स्थित गंगासागर पहुंचीं। समापन अवसर पर गंगासागर के पास डायमंड हार्बर में आयोजित भव्य समारोह में बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी, आइपीएस ने महिला राफ्टिंग टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया। 53 दिवसीय यह साहसिक यात्रा दो नवंबर को गंगोत्री से शुरू हुई थी।

भव्य स्वागत समारोह में बीएसएफ डीजी ने महिला सशक्तिकरण और स्वच्छ निर्मल गंगा के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न इस यात्रा में शामिल महिला टीम के साहस की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आल-वूमेन गंगा रिवर राफ्टिंग अभियान बीएसएफ की महिला सीमा प्रहरियों के अद्वितीय साहस और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।जो साहसिक कार्य इन्होंने किया है वह अन्य महिलाओं व सभी के लिए प्रेरणादायक है।आज महिलाएं हर चुनौती का सामना करने की क्षमता रखती हैं।डीजी ने कहा कि राफ्टिंग अभियान बहुत ही चुनौतीपूर्ण व मेहनत का काम है, जिसे बीएसएफ की साहसी महिला प्रहरियों ने 53 दिन की तपस्या के बाद यहां पहुंचकर बखूबी पूरा किया है। हमारी महिला कर्मी बहुत ही बहादुर और साहसी हैं। हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि इस प्रकार की बहादुर सैनिक हमारे साथ है। आगे भी हम इस प्रकार का अभियान जारी रखेंगे। यह पहल न केवल महिलाओं को प्रोत्साहित करती है, बल्कि स्वच्छ गंगा और पर्यावरण संरक्षण के हमारे राष्ट्रीय उद्देश्य को भी मजबूती प्रदान करती है। डीजी ने इस अवसर पर अभियान में शामिल सभी महिला प्रहरियों और बीएसएफ अधिकारीयों को महानिदेशक प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। समारोह में बीएसएफ के पूर्वी कमान के एडीजी रवि गांधी, बल के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के आइजी मनिंदर पीएस पवार, पवार सहित बल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# तृणमूल हिंदी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** वार्ड 42 में तृणमूल कांग्रेस हिंदी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प.ब. हिंदी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं जोड़ासांको के विधायक विवेक गुप्ता ने अपने हाथों से गरीबों मे कंबल प्रदान करके जनता में ममता बनर्जी के नीतियों को प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में उत्तर कोलकाता टीएमसी हिंदी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष स्वयं प्रकाश पुरोहित सहित वार्ड 42 के पार्षद महेश शर्मा और कई नेतागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने मे कार्यक्रम संयोजक विकास शर्मा, समीर आलम, मो. आफताब, अनिश सिद्दकी, मो. ताज, अब्दुल बारीक, मो. सौकत, शर्माकर पांडेय, राजकुमार दुबे, जसीम, अमन बालमिकी सहित कई तृणमूल कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### नदिया में व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के हरिनघाटा में मंगलवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 के किनारे शव पड़ा मिला। शव मौलाना अबुल कलाम आजाद प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से कुछ ही दूरी पर एक सुनसान जगह पर पड़ा मिला। मृतक की पहचान संटू दे सरकार (36) के रूप में हुई है। वह रायगंज का निवासी था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं मिले, खून का कोई निशान नहीं था। मृतक के शरीर पर सर्दी के कपड़े थे। शव की तलाशी में एक ड्राइविंग लाइसेंस और एक मोबाइल फोन मिला। बरामद मोबाइल फोन से उसके परिवार के लोगों का नंबर मिला। इसके बाद उन्हें सूचना दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्याणी जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल अस्पताल के भेज दिया।

# आज बालीगंज में अ.भा. मारवाड़ी सम्मेलन का स्थापना दिवस समारोह







**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के 90वें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन करेंगे राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित होंगे सीमा सुरक्षा बल पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी तथा सभापतित्व करेंगे सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया। समारोह के स्वागताध्यक्ष पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया हैं। उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने बताया कि प्रातः 10 बजे से बालीगंज स्थित जीडी बिरला सभागार में आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित नारी संचालित संस्था मरुधारा द्वारा उलझ्यां ईं सुलझै नामक मनोरम नाटक की अनुपम प्रस्तुति की जायेगी।

### बीबीडी बाग में बस की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना मंगलवार की सुबह कोलकाता के बीबीडी बाग इलाके में हुई। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस शिनाख्त में जुटी हुई है। सूत्रों के अनुसार, उक्त व्यक्ति सुबह करीब 9 बजे बीबीडी बाग इलाके से स्कूटर लेकर आ रहा था। सड़क पर स्कूटर घुमाते समय अचानक एक तेज रफ्तार बस ने उन्हें टक्कर मार दी। बस की टक्कर से वह नियंत्रण खो बैठे और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के कारण इलाके में कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने आकर स्थिति को नियंत्रित किया एवं शव को बरामद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घातक बस को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# बाबा के बेटियां ने लगाया श्याम बाबा का दरबार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के अग्रसेन सेवा समिति में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। हावड़ा की सुप्रसिद्ध संस्था बाबा की बेटियां ने श्याम बाबा का इस वर्ष भी भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। श्याम बाबा के भव्य दरबार में भजन गायक विवेक शर्मा, श्रीकांत शर्मा और विकास अग्रहरी ने श्याम बाबा के गीतों से सबको खूब नचाया। कार्यक्रम का आयोजन समिति की गुजन जिंदल और अर्चना अग्रहरी ने करते हुए सभी अतिथियों का भव्य स्वागत किया और बताया कि पांच वर्षों से यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस कार्यक्रम में किशन जिंदल, मनीषा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, रैना राठी, मृगांक अग्रहरी सहित सभी सदस्यों की प्रमुख रूप से भूमिका रही।

### रक्त संकट से उबारने के लिए रक्तदान, सम्मानित किये गए मेधावी छात्र-वरिष्ठ नागरिक

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के बांसबेड़िया के खमार पाड़ा राय गली इलाके में 3 नंबर वार्ड कमेटी की तरफ से 15 वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसका संचालन बांसबेड़िया नगरपालिका के चेयरमैन आदित्य नियोगी ने



किया। यह रक्तदान शिविर दिवंगत अमर प्रासाद कुंडू (मधु दा) की स्मृति में आयोजित हुआ जिसमें चुंचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल के ब्लड बैंक के विशषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में हुआ जिसमें 59 रक्तदाताओं के स्वास्थ्य जांच के बाद रक्त संग्रह किया गया। मौके पर आदिसप्त ग्राम विधानसभा से तृणमूल विधायक तपन दास गुप्ता, फुटबॉलर तन्मय बोस, बांसबेड़िया नगरपालिका की वाइस चेयरमैन शिल्पी चटर्जी, डॉक्टर आर एन घोष, बांसबेड़िया के शारदा आश्रम के महाराज प्रेमाथनंद महाराज समेत तमाम गण्यमान्य लोग व पार्षद गण उपस्थित रहे। वर्ष 2023 -24 के माध्यमिक व उच्चमाध्यमिक मेघावी छात्रों को सम्मानित व पुरुस्कृत किया गया। बांसबेड़िया नगरपालिका के चेयरमैन आदित्य नियोगी ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। शाम के समय विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# एसआरएम इंस्टीट्यूट के पूर्व छात्र श्रीराम कृष्णन व्हाइट हाउस में ए.आई. के वरिष्ठ नीति सलाहकार नियुक्त

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसआरएम इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (एसआरएमआईएसटी) को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि संस्थान के पूर्व छात्र श्रीराम कृष्णन को व्हाइट हाउस के विज्ञान और प्रौद्योगिकी नीति कार्यालय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए वरिष्ठ नीति सलाहकार नियुक्त किया गया है। 2005 में सूचना प्रौद्योगिकी में डिग्री प्राप्त करने वाले श्रीराम की असाधारण यात्रा, एसआरएम में एक होनहार छात्र से लेकर ग्लोबल एआई नीति को आकार देने वाले प्रमुख व्यक्ति तक, विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि उनकी बौद्धिक क्षमता और प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार देने वाले लीडर को तैयार करने में एसआरएम विश्वविद्यालय के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाती है।



डॉ. टीआर पारिवेन्धर, एसआरएम इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के संस्थापक और चांसलर ने श्रीराम की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, हम न केवल अपने छात्रों की शैक्षणिक क्षमताओं को पोषित करने में विश्वास रखते हैं, बल्कि उनके नेतृत्व, नवोन्मेष और दुनिया पर प्रभाव डालने की उनकी क्षमता को भी पोषित करने में विश्वास रखते हैं। श्रीराम कृष्णन की उपलब्धि एसआरएम द्वारा प्रदान किए गए कठोर शैक्षणिक और संस्थागत आधार को दर्शाती है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान : गैस टैंकर हादसे में दो और घायलों की मौत, मृतकों की संख्या 15 हुई

**जयपुर :** जयपुर के गैस टैंकर हादसे में गंभीर रूप से झुलसे दो और लोगों की मंगलवार को मौत हो गई। इसके साथ ही इस हादसे में मरने की वालों की कुल संख्या बढ़कर 15 हो गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सरकारी एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया, आज सुबह दो घायलों की मौत हो गई।' उन्होंने बताया कि हादसे में झुलसने के कारण अस्पताल में भर्ती तीन लोगों को कल छुट्टी दे दी गई। उनके अनुसार, इस समय अस्पताल में 18 घायलों का इलाज चल रहा है, जिनमें से पांच की हालत गंभीर है।उन्होंने बताया कि एक या दो लोगों की हालत में सुधार होने पर उन्हें आज छुट्टी दे दी जाएगी। जयपुर के भांकरोटा इलाके में शुक्रवार को तड़के जयपुर-अजमेर राजमार्ग पर शुक्रवार को तड़के एक ट्रक ने एलपीजी से भरे टैंकर को टक्कर मार दी। इससे भीषण आग लग गई और 35 से अधिक वाहन इसकी चपेट में आ गए। घटना वाले दिन 11 लोगों की मौत हुई थी और अब मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गई है।

### संभल हिंसा मामले में सात और लोग गिरफ्तार

**संभल (उप्र) :** संभल में पिछली 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने मंगलवार को सात और लोगों को गिरफ्तार किया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीश चंद्र ने संवाददाताओं को बताया कि 24 नवंबर को संभल में हुई हिंसक घटनाओं के सिलसिले में आज सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उनके मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों में शोएब, सुजा-उद्दीन, राहत, मोहम्मद आजम, अजहरुद्दीन, जावेद और मुस्तफा शामिल हैं। उन्होंने बताया, हिंसा से संबंधित मामलों में अब तक 47 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित की गई हैं। हिंसा को लेकर अब तक 11 मुकदमे दर्ज किये जा चुके हैं। अदालत के आदेश पर पिछली 19 नवंबर को संभल शहर के कोट गर्वी इलाके में स्थित मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किये जाने के बाद से ही तनाव व्याप्त है।

# उत्तर प्रदेश में अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन, विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास



**लखनऊ :** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के एक दिन पूर्व मंगलवार को यहां दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अटल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दो दिवसीय अटल स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में 662 करोड़ रुपये की लागत से 181 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 'अटल जी पांच बार लखनऊ से सांसद रहे। उन्होंने देश की राजनीति को अस्थिरता से स्थिरता की ओर अग्रसर किया और पं. दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय परिकल्पना को साकार किया।' योगी ने कहा कि वाजपेयी के कार्यों की प्रेरणा से यह अटल स्वास्थ्य मेला गरीबों और जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है।

### अटल जी के प्रति अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं 'युवा कुम्भ' जैसे आयोजन - योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि 'युवा कुम्भ' जैसे आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति देश-प्रदेश के अनुराग व प्रेम को व्यक्त करते हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के साथ मंगलवार को के डी सिंह बाबू स्टेडियम में 'अटल युवा महाकुम्भ' की शुरुआत करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि यहां के जनप्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए सभी संस्थाओं को एक मंच दिया है। योगी ने कहा कि 'युवा कुम्भ उन स्मृतियों को ताजा कर रहा है, जो भारत की सनातन धर्म की परंपरा में कुम्भ के आयोजन के साथ जुड़ती है।'

### बिहार में पुरुष सरकारी शिक्षक को 'मातृत्व अवकाश' मिला

**पटना :** बिहार में एक पुरुष सरकारी शिक्षक ने 'मातृत्व अवकाश' के लिए आवेदन किया और यह स्वीकृत होने के बाद एक सप्ताह तक छुट्टी पर रहा। यह घटना तब सामने आई जब सरकारी शिक्षकों के लिए छुट्टी का ऑनलाइन आवेदन करने वाले पोर्टल के कुछ उपयोगकर्ताओं ने इसका स्क्रीनशॉट ले लिया और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। हालांकि, अधिकारियों का दावा है कि यह एक तकनीकी त्रुटि थी जिसे ठीक कर लिया जाएगा और इसमें कोई गड़बड़ नहीं है। वैशाली जिले के महुआ प्रखंड की प्रभारी शिक्षा अधिकारी अर्चना कुमारी ने कहा, यह छुट्टी के आवेदन प्रारूप में गलत प्रविष्टि का मामला है। त्रुटि तकनीकी है और इसे ठीक कर लिया जाएगा। इसी जिले के एक स्कूल में शिक्षक जितेंद्र कुमार सिंह तैनात हैं जिनसे जुड़ा यह मामला है। कुमारी ने यह स्वीकारा कि केवल महिलाओं को मातृत्व अवकाश दिया जाता है, लेकिन उन्होंने यह भी बताया कि पुरुषों को भी अपने नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए पितृत्व अवकाश मिलता है। शिक्षा अधिकारी ने कहा कि उनके संज्ञान में लाये गए मामले के बारे वह पता लगाएंगी। उन्होंने कहा, कुछ शिक्षकों ने शिकायत की है कि उन्होंने आकस्मिक अवकाश के लिए आवेदन किया था, लेकिन उनके अर्जित अवकाश काट लिए गए हैं।

### संघ प्रमुख के बयान पर संतों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

**प्रयागराज/अयोध्या :** उत्तर प्रदेश के संतों ने मस्जिदों और दरगाहों को मंदिर बताकर उनका सर्वे कराये जाने के ताजा सिलसिले पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की तल्ख टिप्पणी पर मिली-जुली राय व्यक्त की है। कुछ लोग जहां मंदिरों को फिर से अपने अधिकार में लेने के पक्ष में हैं, वहीं अन्य का मानना है कि ऐसे मुद्दों को संवैधानिक ढांचे के भीतर ही सुलझाया जाना चाहिए। भागवत ने हाल में चिंता व्यक्त की थी कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोग धार्मिक स्थलों पर नए विवाद उठाकर खुद को हिंदुओं के नेता के रूप में उभारने का प्रयास कर रहे हैं। अयोध्या के राम मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास ने आरएसएस प्रमुख की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए ऐतिहासिक मंदिर स्थलों को फिर से अपने अधिकार में लेने के लिए निर्णायक कार्रवाई का आह्वान किया। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'अगर जांच से पता चलता है कि हिंदुओं को विस्थापित किया गया और मंदिरों पर कब्ज़ा किया गया, तो उन्हें वापस पाने के प्रयास किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) का ऐसे स्थलों की पहचान करने और पूजा फिर से शुरू कराने का तरीका सही है।

## संभल के चंदौसी में चौथे दिन भी बावड़ी की खुदाई जारी, सुरक्षा में अब पीएसी के कर्मी होंगे तैनात



**संभल (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी में खुदाई के दौरान मिली लगभग 150 साल पुरानी बावड़ी की चौथे दिन भी खुदाई जारी है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुदाई वाली जगह भीड़ इकट्ठा होने के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था में अब प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी (पीएसी) के जवानों की तैनाती होगी। संभल में 13 दिसंबर को लगभग 46 साल से बंद भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के बाद यह खुदाई की जा रही है। संभल में चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में 21 दिसंबर को खुदाई के दौरान लगभग 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली बावड़ी मिली है। चंदौसी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ईओ) कृष्ण कुमार सोनकर ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि बावड़ी की खुदाई को चौथा दिन है। उन्होंने कहा, 'अभी तक मिट्टी ऊपर थी तो जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर मिट्टी हटाई गई। अब नीचे बावड़ी का निर्माण दिखने लगा तो श्रमिकों को लगाकर फावड़े से मलबा और मिट्टी हटाई जा रही है।' सोनकर ने कहा कि परत दर परत क्या निकलेगा, अभी कहना मुश्किल है, वैसे अभी तक बावड़ी में कमरे ओर सीढ़ियां मिली हैं। खुदाई में आने वाली चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि लगभग 50 लोग काम कर रहे हैं, लेकिन भीड़ होने से दिक्कत हो रही है और काम करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा, 'सुरक्षा व्यवस्था में अब पीएसी की तैनाती होगी। अंदर रोशनी की भी समस्या है उसका भी इंतजाम किया जा रहा है। अंदर ऑक्सीजन की कमी भी है, इसके लिए मेडिकल टीम की भी व्यवस्था की जा रही है।'

### संभल में मस्जिद सर्वेक्षण रिपोर्ट जनवरी में दाखिल की जाएगी : कोर्ट कमिश्नर

संभल (उप्र) : उत्तर प्रदेश के संभल जिले की जामा मस्जिद के सर्वेक्षण की रिपोर्ट दो या तीन जनवरी को अदालत में पेश की जाएगी। एडवोकेट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एडवोकेट कमिश्नर राघव ने बताया, शाही जामा मस्जिद की सर्वेक्षण रिपोर्ट लगभग अंतिम चरण में है और पूरी हो गई है। कुछ तकनीकी मुद्दे हैं, जिन्हें आज ठीक कर लिया जाएगा। चूंकि यह अदालत का आखिरी कार्य दिवस है, जिसके बाद यह बंद हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि 'जहां तक सर्वेक्षण रिपोर्ट का सवाल है, यह दो या तीन जनवरी को दाखिल की जाएगी। राघव ने पत्रकारों से कहा 'उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई अदालत को छह जनवरी तक कोई कार्रवाई न करने का स्थगन आदेश दिया है, इसलिए सर्वेक्षण रिपोर्ट इस तिथि से पहले दाखिल की जाएगी।

## न्यूज अपडेट

### कांग्रेस आंबेडकर पर शाह की टिप्पणी को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है: भजनलाल शर्मा

**जयपुर :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बी.आर. आंबेडकर पर टिप्पणी को लेकर उठे विवाद के बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस जिस तरह से आंबेडकर के नाम का इस्तेमाल कर रही है वह सही नहीं है। उन्होंने कहा 'आंबेडकर ने देश को संविधान दिया, देश के उत्थान की बात की, लेकिन कांग्रेस ने बाबा साहेब आंबेडकर को मंत्री पद से इस्तीफा देने को मजबूर किया और उन्हें सदन में बोलने तक नहीं दिया।' शर्मा ने कहा कांग्रेस लंबे वक्त तक शासन में रही, लेकिन उसकी सरकार ने बाबा साहब को 'भारत रत्न' तक नहीं दिया। उनके मुताबिक, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने उन्हें यह सम्मान दिलाया। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहेब की याद में दिल्ली में आंबेडकर सेंटर और लंदन में आंबेडकर हाउस बनवाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब का एक भी स्मारक नहीं बनवाया। उन्होंने कहा कांग्रेस को देश की जनता ने नकार दिया, क्योंकि उसने देश की जनता के साथ हमेशा धोखा किया और झूठ और लूट का सहारा लिया। शर्मा ने दावा किया कि कांग्रेस ने हमेशा जाति, धर्म और भ्रष्टाचार की राजनीति की। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर सांसदों और महिलाओं को बेइज्जत करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है और कांग्रेस ने कभी देश के विकास की बात नहीं की।

### झारखंड: धनबाद में मूक-बधिर महिला से दुष्कर्म, भीड़ ने आरोपी के घर में आग लगा दी

**धनबाद (झारखंड) :** झारखंड के धनबाद जिले में एक व्यक्ति ने मूक-बधिर महिला के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया, जिसके बाद आक्रोषित भीड़ ने आरोपी के घर को आग लगा दी। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आरोपी ने रविवार शाम को महिला को कथित तौर पर अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी ने बताया, 'आरोपी ने उसके साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया और सोमवार सुबह उसे छोड़ दिया। पीड़िता ने अपने माता-पिता को सांकेतिक भाषा में पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।' परिजन ने पुलिस को बताया कि उन्होंने रविवार देर रात तक उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। सोमवार सुबह इस खबर के फैलते ही स्थानीय लोगों ने आरोपी के घर का घेराव कर लिया और उसकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शाम तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर सोमवार रात को भीड़ जमा हो गई और आरोपी के घर में आग लगा दी। जब पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची तो घर जलकर राख हो चुका था। अधिकारी ने बताया, 'आरोपी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।'

### उत्तर प्रदेश के अमेठी में 30 लाख रुपये की स्मैक बरामद, तस्कर गिरफ्तार



**अमेठी (उप्र) :** अमेठी जिले के कमरौली क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार को 30 लाख रुपये मूल्य की स्मैक बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि कमरौली थाना क्षेत्र में पुलिस ने सिन्दुरवा मार्ग पर कोयलारा क्रॉसिंग के पास मोटरसाइकिल सवार शोएब अहमद को संदेह होने पर रोका। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 300 ग्राम स्मैक बरामद की गयी। बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 30 लाख रुपये बतायी जाती है। उन्होंने बताया कि पकड़े गये आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसने शुक्ल बाजार थाना क्षेत्र के तेतारपुर निवासी एत्माद हुसैन से स्मैक खरीदी थी, जिसे वह बेचने निकला था। कौशिक ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया। अदालत के आदेश के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# समीक्षा मनोरंजन

## गोपी लौट आया

जब स्कूल से घर आकर गोपी ने अपना बैग फर्श पर फेंका तो उस में से कुछ फटी हुई कापियाँ और पुस्तकें बाहर निकल कर बिखर गई।

उसकी माताजी, जो पहले ही किसी कारण निराश-सी बैठी थीं, ने जब यह देखा तो उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने एकदम उसके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया और बोली, 'मॉडल स्कूल में पढते हो। वहाँ यही सब सिखाते हैं क्या? कितने दिन से देख रही हूँ। कभी बैग फेंक देते हो, कभी मोज़े और जूते निकालकर इधरउधर मारते हो। सुबह से शाम तक जी तोड़ कर काम करती हूँ। फिर कहीं जाकर मुश्किल से हजार रूपया महीना मिलता है। पता है, कैसे पढ़ा रही हूँ तुझे? देखो तो सही, क्या हालत बनाई हुई कॉपी-किताबों की। शर्म नहीं आती क्या?'

गोपी की ऐसी आदतों से उसकी माताजी बहुत परेशान थीं। गोपी के पिताजी की एक हादसे में मृत्यु हो गई थी। घर का गुजारा बड़ी मुश्किल से चल रहा था। उसकी माताजी को यह चिंता भी रहती थी कि गोपी पढ़ाई में कोई दिलचस्पी नहीं लेता।



उधर गोपी को अपनी माँ पर गुस्सा आ रहा था। पलंग पर पड़ा वह रोता रहा। कुछ सोच रहा था। अचानक उसके दिमाग में एक विचार कौंधा, 'क्यों न मैं पास वाले शहर में अपने दोस्त हैपी के पास चला जाऊँ। माताजी ढूँढेंगी तो परेशान तो होंगी।'

बस, फिर क्या था। वह माँ के घर से निकलने का इंतजार करने लगा और जैसे ही वे पड़ोस में किसी काम से गई, वह चुपके से घर से बाहर निकल लिया और बड़-बड़े कदम भरता हुआ चलने लगा। चलने से पहले उसने माँ के पर्स से बीस रूपये का एक नोट भी निकाल लिया।

कुछ देर बाद गोपी की माताजी घर आ गई। जब उन्हें गोपी कहीं नजर नहीं आया तो वे उसे ढूंढने लगीं। फिर उन्होंने सोचा कि वह अपने किसी दोस्त के पास गया होगा, थोड़ी देर में आ जाएगा।

धीरे-धीरे अँधेरा घिरने लगा और रात हो गई। गोपी अभी तक नहीं लौटा था। उसकी माँ की चिंता बढ़ने लगी। वह इस बात से बिलकुल बेखबर थीं कि वह कभी दौड़ता, तो कभी किसी साइकिल या स्कूटर से लिफ्ट लेता हुआ दूसरे शहर पहुँच गया होगा। वह अपने दोस्त हैपी का घर तो जानता ही था। हैपी के माता-पिता को इस शहर में आए दो साल से ज्यादा समय हो गया था। हैपी के पिताजी की इस शहर में बदली हो गई थी। इसलिये वह गोपी का स्कूल छोड़ कर चला गया था।

गोपी अभी हैपी के घर वाली गली में दाखिल हुआ कि उसने देखा, एक लड़का खंभे की ट्यूब की रोशनी में पढ़ने में व्यस्त था। वह उसके पास गया और उसे एकटक देखता रहा। फिर उसने पूछा, 'क्या कर रहे हो भाई?'

उस लड़के ने नजर उठाई और बोला, 'पढ़ रहा हूँ।' यह कहकर वह फिर पढ़ने लगा। गोपी के दूसरे प्रश्न ने उसका ध्यान भंग कर दिया। गोपी का सवाल था,

'कौन सी कक्षा में पढ़ते हो?'

'दसवी कक्षा में।' उत्तर मिला।

'कौन से स्कूल में?' गोपी की उत्सुकता बढ़ती ही जा रही थी।

'स्कूल में नहीं प्राइवेट ।'

वह लड़का कुछ और पढ़ना चाहता था, लेकिन गोपी के सवालों ने उसका मन उचाट कर दिया। वह अपनी पुस्तकें समेटने लगा। उसका हर रोज रात को साढ़े दस बजे तक पढ़ने का नियम था।

बातों-बातों में गोपी को यह पता चल गया कि उस लड़के के माता-पिता नहीं हैं और वह साइकिल की एक दुकान पर मरम्मत का काम करता है।

गोपी ने उससे और भी कई बातें कीं। इतने मेहनती लड़के की बातें सुनकर गोपी सन्न रह गया। उसे यह भी पता चला कि वह हर साल आधे मूल्य पर पुरानी किताबें खरीदकर पढ़ता है। गोपी ने उसकी पुस्तके देखीं तो मन ही मन उसे शर्म आई। वह सोचने लगा, उसकी माँ तो उसे नई किताबें खरीदकर देती हैं और वह उनका ऐसा हाल बना लेता है जैसे वे दो-तीन साल पुरानी हों।

गोपी के मन को एकदम झटका-सा लगा। अपनी पुस्तकों और शिक्षा के प्रति ऐसा स्नेह? इतनी मेहनत? उसे अपने से ग्लानि-सी होने लगी। वह उस लड़के को दूर तक जाते हुए देखता रहा। फिर वह सोचने लगा, उसने जो कुछ भी किया, अच्छा नहीं किया। उसने फैसला किया कि वह माँ को सारी असलियत बता देगा और माफी माँग लेगा। अब वह अपनी किताबें भी संभाल कर रखेगा। उसकी कोई भी चीज इधर-उधर नहीं बिखरेगी।

गोपी काफी देर तक यही सब सोचता रहा। हालांकि एकबारगी उसका मन हुआ भी कि वह सामने दिख रहे हैपी के घर की घंटी बजा दे, लेकिन न जाने क्या सोच कर उसने ऐसा नहीं किया।

अब उसके कदम तेजी से पीछे की तरफ लौट रहे थे अपने घर की तरफ।

## दोस्ती

शहर से दूर जंगल में एक पेड़ पर गोरैया का जोड़ा रहता था। उनके नाम थे, चीकू और चिनमिन। दोनो बहुत खुश रहते थे। सुबह सवेरे दोनो दाना चुगने के लिये निकल जाते। शाम होने पर अपने घोंसले मे लौट जाते। कुछ समय बाद चिनमिन ने अंडे दिये।

चीकू और चिनमिन की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दानों ही बड़ी बेसब्री से अपने बच्चों के अंडों से बाहर निकलने का इंतजार करने लगे। अब चिनमिन अंडों को सेती थी और चीकू अकेला ही दाना चुनने के लिये जाता था।

एक दिन एक हाथी धूप से बचने के लिये पेड़ के नीचे आ बैठा। मदमस्त हो कर वह अपनी सूँड़ से उस पेड़ को हिलाने लगा। हिलाने से पेड़ की वह डाली टूट गयी, जिस पर चीकू और चिनमिन का घोंसला था। इस तरह घोंसले में रखे अंडे टूट गये।

अपने टूटे अंडों को देख कर चिनमिन जोरों से रोने लगी। उसके रोने की आवाज सुन कर, चीकू और चिनमिन का दोस्त भोलू -- उसके पास आये और रोने का कारण पूछने लगे।

चिनमिन से सारी बात सुनकर उन्हें बहुत दुख हुआ। फिर दोनो को धीरज बँधाते हुए भोलू -- बोला, अब रोने से क्या फायदा, जो होना था सो हो चुका।

चीकू बोला, भोलू भाई, बात तो तुम ठीक कर रहे हो, परंतु इस दुष्ट हाथी ने घमंड में आ कर हमारे बच्चों की जान ले ली है। इसको तो इसका दंड मिलना ही चाहिये। यदि तुम हमारे सच्चे दोस्त हो तो उसको मारने में हमारी मदद करो।



यह सुनकर थोड़ी देर के लिये तो भोलू दुविधा में पड़ गया कि कहाँ हम छोटे छोटे पक्षी और कहाँ वह विशालकाय जानवर। परंतु फिर बोला, चीकू दोस्त, तुम सच कह रहे हो। इस हाथी को सबक सिखाना ही होगा। अब तुम मेरी अक्ल का कमाल देखो। मैं अपनी दोस्त वीना मक्खी को बुला कर लाता हूँ। इस काम में वह हमारी मदद करेगी। और इतना कह कर वह चला गया।

भोलू ने अपनी दोस्त वीना के पास पहुँच कर उसे सारी बात बता दी। फिर उसने उससे हाथी को मारने का उपाय पूछा। वीना बोली, इससे पहले की हम कोई फैसला करे, अपने मित्र मेघनाद मेंढ़क की भी सलाह ले लूँ तो अच्छा रहेगा। वह बहुत अक्लमंद है। हाथी को मारने के लिये जरूर कोई आसान तरीका बता देगा।

चीकू, भोलू और वीना, तीनों मेघनाद मेंढ़क के पास गये। सारी बात सुन कर मेघनाद बोला, मेरे दिमाग में उसे मारने की एक बहुत ही आसान तरकीब आयी है।

वीना बहन सबसे पहले दोपहर के समय तुम हाथी के पास जा कर मधूर स्वर में एक कान में गुंजन करना। उसे सुन कर वह आनंद से अपनी आँखे बंद कर लेगा। उसी समय भोलू अपनी तीखी चोंच से उसकी दोनो आँखें फोड़ देगा। इस प्रकार अंधा हो कर वह इधर-उधर भटकेगा।

थोड़ी देर बाद उसको प्यास लगेगी तब मैं खाई के पास जा कर अपने परिवार सहित जोर-जोर से टर्-टर् की आवाज करने लगूँगा। हाथी समझेगा की यह आवाज तालाब से आ रही है। वह आवाज की तरफ बढ़ते बढ़ते खाई के पास आयेगा और उसमें जा गिरेगा और खाई में पड़ा पड़ा ही मर जाएगा।

सबको मेघनाद की सलाह बहुत पसंद आयी। जैसा उसने कहा था, वीना और भोलू ने वैसा ही किया। इस तरह छोटे छोटे जीवों ने मिल कर अपनी अक्ल से हाथी जैसे बड़े जीव को मार गिराया और फिर से प्यार से

## शेर और लोमड़ी की दोस्ती



एक बार की बात है, एक जंगल में एक शेर रहता था। वह बहुत शक्तिशाली और बहादुर था और जंगल में हर कोई उसका सम्मान करता था। एक दिन, शेर भोजन के लिए शिकार कर रहा था, जब उसने एक चालाक लोमड़ी को चुपके से देखा। लोमड़ी भी खाने की तलाश में थी, लेकिन उसमें शेर से भिड़ने की हिम्मत नहीं थी।

शेर दहाड़ा और लोमड़ी इतनी डर गई कि वह भाग खड़ी हुई । शेर हँसा और उसने सोचा कि लोमड़ी उसका सामना करने से बहुत डर रही है।

लेकिन लोमड़ी भी बहुत भूकी थी और वह खाने की खोज कर रही थी। उसको जमीन में एक गड्ढा मिला और वह उसमे चली गयी। शेर ने सोचा की लोमड़ी चली गयी है लेकिन वो गलत था। लोमड़ी अपने मुंह में मांस का एक बड़ा टुकड़ा लेकर गड्ढे से बाहर निकली। लोमड़ी को मांस के साथ देखकर शेर हैरान रह गया। उसे और भी आश्चर्य हुआ जब लोमड़ी ने कहा: आपके पास जंगल हो सकता है, लेकिन मेरे पास भोजन है!

शेर लोमड़ी के साहस से इतना प्रभावित हुआ कि उसने उसे भोजन खाने दिया। तब से, शेर और लोमड़ी अच्छे दोस्त बन गए और उन्होंने अपना भोजन एक साथ साझा करना शरू कर दिया।

**कहानी की शिक्षा**

**कहानी का नैतिक यह है कि आपको बहादुर होने के लिए बड़ा या शक्तिशाली होने की जरूरत नहीं है। एक छोटी सी लोमड़ी भी एक बड़े शेर का सामना कर सकती है यदि उसके पास ऐसा करने का साहस हो।**

## असली हक़दार कौन

एक जंगल में बहुत से जानवर रहते थे। उन जानवरों में से एक बंदर भी था और वह बहुत आलसी और स्वार्थी था। उस बंदर ने आसपास के गांव वालो को बहुत तंग कर रखा था। उस जंगल के पास एक नदी थी जिसमे एक कछुआ भी रहता था जो बहुत मेहनती था।

एक दिन कछुए ने मधुमक्खियां के काम में उनकी सहायता की। वे अपने छत्ते को छोड़कर दूसरी जगह जा रही थी। उन्होंने कछुए को उनकी सहायता करने के बदले में एक थैली में शहद भरकर दिया।

कछुआ जब उस शहद की थैली को लेकर अपने घर जा रहा था तो उसे सड़क के किनारे एक सूखा पेड़ दिखाई दिया। उसी समय कछुए को एक विचार आया क्यों ना मैं कुछ सुखी लकड़ियां ले लूं और घर जाकर उसपर पुलाब बनाकर शहद के साथ खाऊंगा। कछुए ने थोड़ी सी लकड़ियां लाकर रख दी जैसे ही वह दूसरी बार लकड़ियां लेने के लिए गया और



वापस आके देखा तो उसकी थैली को बंदर लेकर बैठा हुआ था।

बन्दर ने जैसे ही कछुए को देखा वह बोला - कछुए भाई।

यह देखो आज का दिन मेरे लिए कितना अच्छा है मुझे यह शहद की थैली यहां मिली।

कछुआ बोलै - यह शहद की थैली तो मेरी है मुझे वापस कर दो, मैं लकड़ियां लेने गया था।

परंतु बंदर ने बोला कि है यह थैली मुझे मिली है तो यह मेरी हुई। मैं तुम्हें नहीं दूंगा और यह कहकर बंदर वहां से भाग गया।

उसके अगले दिन सड़क के किनारे एक पेड़ के पास बंदर बैठा हुआ था और उसकी लंबी पूँछ सड़क के बीचो-बीच पड़ी हुई थी। तभी कछुआ वहां से जा रहा होता है और सड़क पर पड़ी उसे बंदर की पूँछ को अपने दांतों से काट लेता है।

जैसे ही कछुआ बंदर की पूंछ को काटता है बंदर बहुत जोरों से चीखता है और कहता है अरे कछुए यह मेरी पूँछ है इसे छोड़ दो।

कछुआ बंदर की पूंछ को अपने पैरों से दबा लेता है कहता है सड़क पर पड़ी हुई चीज जिसको मिले उसकी होती है और यह पूँछ सड़क पर पड़ी हुई थी तो मेरी हुई।

यह सुनकर बंदर को समझ में आ गया की दुसरो की चीज पर अपना हक़ नहीं जमाना चाहिए। और बंदर ने कछुए की शहद की थैली वापस लाकर दे दी।

# वाजपेयी की 100वीं जयंती : देश में उनकी विरासत आज भी जीवित

**नयी दिल्ली :** देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 30 दिसंबर 1984 में मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित भाजपा अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को अपनी चिरपरिचित शैली में संबोधित करते हुए भविष्यवाणी की थी, '' अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खि-लेगा''। वाजपेयी की जन्म शताब्दी बुधवार को है और उन्होंने करीब चार दशक पहले अपने संबोधन में जो कहा था वह सच साबित हुई है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)लगातार तीसरी बार केंद्र की सत्ता में लौटी है और कमल पूरी तरह खिल चुका है। यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा के सांस्कृतिक एजेंडे को राष्ट्रीय राजनीति का केन्द्र बनाया, तो वाजपेयी ने पार्टी को उस समय इसे केन्द्र में लाने में मदद की, जब उसके सांस्कृतिक एजेंडे को



अभिशाप माना जाता था। एक राज-नेता और अद्वितीय वक्ता वाजपेयी भारत के पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे जिन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया। उन्हें सभी राजनीतिक दलों से सम्मान और स्नेह मिला तथा वे अपनी जन्मजात लोकतांत्रिक भावना के साथ मजबूती से सदैव खड़े रहे जो उन्होंने दशकों तक विपक्ष में रहकर, शक्तिशाली क्षत्रपों से भरी राजनीति में विकसित की थी। देश के तीन बार प्रधानमंत्री रहे मोदी राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन राजनीति के मूल सूत्रधार थे। वाजपेयी ने गठबंधन सरकार को सफलतापूर्वक पूर्ण कार्यकाल तक चलाया और इस दौरान उन्होंने कुछ सबसे बड़े राष्ट्रीय संकटों से भी निपटा, जिनमें 1999 में विमान अपहरण और 2001 में संसद पर आतंकवादी हमला शामिल थे, और दोनों ही घटनाओं का पाकिस्तान से सीधा संबंध था। उनकी सरकार द्वारा दोनों घटनाओं से निपटने के तौर तरीकों को लेकर कुछ वर्गों द्वारा आलोचना की गई। इनमें दक्षिणपंथी संगठन भी शामिल थे, जिन्हें वैचारिक रूप से भाजपा से संबद्ध माना जाता है, लेकिन उनके सांस्कृतिक और आर्थिक एजेंडे को आगे न बढ़ाने के कारण उनके प्रति कम मित्रवत माना जाता है। हालांकि, उनकी स्थिति ने यह सुनिश्चित किया कि उन्हें किसी राजनीतिक खतरे या लोकप्रिय प्रतिक्रिया का सामना न करना पड़े। वाजपेयी की सरकार अप्रैल 1999 में लोकसभा में एक वोट से गिर गई थी, तब उन्होंने एक कार्यवाहक सरकार के प्रमुख के रूप में कारगिल में पाकिस्तान की घुसपैठ का दृढ़ता से सैन्य और कुशल कूटनीतिक जवाब दिया जिसे प्रशंसा मिली और भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)को अधिक स्थिर बहुमत मिला, जिससे उनकी सरकार का पूर्ण कार्यकाल सुनिश्चित हुआ। वाजपेयी के छह साल के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान उनके मीडिया सलाहकार रहे अशोक टंडन ने कहा कि वह एक उत्कृष्ट सांसद थे, जिन्होंने 1957 में पहली बार लोकसभा में कदम रखा और लगातार ''संसदीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने'' में अपना योगदान दिया। इसके साथ ही सरकार के मुखिया के रूप में उन्होंने 'सुशासन' को एजेंडे के केंद्र में रखा।

# हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी से 233 सड़कें बंद, शिमला के होटलों में 70 प्रतिशत कमरे भरे

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में बर्फबारी होने के कारण तीन राष्ट्रीय राजमार्गों समेत राज्य में कम से कम 233 सड़कें बंद हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के किन्नौर, लाहौल एवं स्पीति, शिमला, कुल्लू, मंडी, चंबा और सिरमौर जिले के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई। शिमला होटल एवं पर्यटन हितधारक संघ के अध्यक्ष एम.के. सेठ ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शिमला के होटल में 70 प्रतिशत कमरे भरे हैं। उन्होंने बताया कि बर्फबारी के कारण कमरों की बुकिंग में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात अटारी और लेह के बीच, कुल्लू जिले में सैंज से औट, किन्नौर जिले में खाब और संगम के बीच तथा लाहौल एवं स्पीति में ग्रामफू पर अवरुद्ध है। पूरे राज्य में कुल 233



सड़कों पर यातायात ठप पड़ा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व और आपदा) ओंकार शर्मा ने 'पीटीआई-वीडियो' को बताया कि अटल सुरंग के पास फंसे लगभग 500 वाहनों में मौजूद पर्यटकों को सोमवार देर रात तक सुरक्षित बचा लिया गया। खबरों के अनुसार, बर्फबारी के कारण पिछले 24 घंटे में हुई दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई तथा कुछ स्थानों पर वाहन फिसलने के कारण कई लोग घायल हो गए। प्रशासन ने अभी तक मृतकों के बारे में अभी कोई जानकारी साझा नहीं की है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि शिमला में सबसे ज़्यादा 145 सड़कें बंद हैं, इसके बाद कुल्लू में 25 और मंडी में 20 सड़कें बंद हैं। इसने बताया कि बर्फबारी के कारण 356 ट्रांसफार्मर ठप पड़ गए हैं, जिससे कई इलाकों में बिजली गुल हो गई है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दाऊद के भाई इकबाल कास्कर के खिलाफ मामले में ईडी ने फ्लैट कब्जे में लिया

**मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन की एक जांच के तहत भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कास्कर के एक कथित सहयोगी के नाम पर महाराष्ट्र के ठाणे में 55 लाख रुपये कीमत के एक फ्लैट को अपने कब्जे में ले लिया है। ईडी के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ठाणे पश्चिम में नियोपोलिस बिल्डिंग में स्थित आवासीय इकाई को उसके मालिक मुमताज एजाज शेख के खिलाफ 2022 में पीएमएलए के तहत जारी एक अनंतिम आदेश के तहत कुर्क किया गया है। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के न्यायाधिकरण ने इस अनंतिम कुर्की आदेश को मंजूरी दी थी, जिससे ईडी के लिए इसे अपने कब्जे में लेने का रास्ता साफ हो गया। सूत्रों ने बताया कि फ्लैट को कब्जे में लेने की प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है।

### दिल्ली: बांग्लादेशियों की अवैध घुसपैठ करवाने में कथित संलिप्तता के आरोप में 11 लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को बांग्लादेशी नागरिकों की कथित तौर पर अवैध घुसपैठ करवाने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करने का दावा करते हुए 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए 11 लोगों में से चार लोग बांग्लादेशी नागरिक हैं और अन्य लोग कथित तौर पर फर्जी तरीके से दस्तावेज बनाने में संलिप्त पाए गए। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (दक्षिण) अंकित चौहान ने बताया, ''हमारी टीम ने 21 अक्टूबर को संगम विहार में हत्या के एक मामले में शामिल चार लोगों को ढूंढ निकाला, जिसके बाद गिरोह का भंडाफोड़ हुआ।'' बांग्लादेशी नागरिक मिदुल मियां उर्फ आकाश अहमद तथा फरदीन अहमद उर्फ अभि अहमद को उनकी पत्नियों के साथ सेंतू शेख उर्फ राजा की हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया।

### कांग्रेस ने दिल्ली के लिए 26 और उम्मीदवार घोषित किए

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 26 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की जिसमें एक प्रमुख नाम दिल्ली नगर निगम के पूर्व महापौर फरहाद सूरी का है जिन्हें जंगपुरा से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा गया है। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री आसिम अहमद खान को मटिया महल और पूर्व विधायक देवेंद्र सहरावत को बिजवासन से टिकट दिया गया है। ये दोनों नेता आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के कुछ घंटे बाद उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की गई। कांग्रेस ने गत 12 दिसंबर को 21 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की थी, जिसमें सबसे प्रमुख नाम पूर्व सांसद संदीप दीक्षित का था, जिन्हें नयी दिल्ली से उम्मीदवार बनाया गया है। वह पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनौती देंगे। कांग्रेस ने दूसरी सूची में अपने दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजेश लिलोठिया को भी उम्मीदवार बनाया है। उन्हें सीमापुरी से टिकट दिया गया है।कांग्रेस ने उत्तम नगर से मुकेश शर्मा, बाबरपुर से हाजी मोहम्मद इशराक खान और लक्ष्मी नगर से सुमित शर्मा को टिकट दिया है।

# राष्ट्रपति मुर्मू 26 दिसंबर को 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित करेंगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, मंत्रालय वीर बाल दिवस पर भारतीय बच्चों की क्षमताओं और उपलब्धियों को रेखांकित करने वाली देशव्यापी गतिविधियों का आयोजन करेगा और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के विजेताओं को सम्मानित करेगा। बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस साल 14 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से नवाजेंगी। यह पुरस्कार सात श्रेणियों-कला एवं संस्कृति; बहादुरी; नवाचार; विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी; सामाजिक सेवा; खेल और पर्यावरण-में बच्चों की असाधारण उपलब्धियों को रेखांकित करता है। बयान के अनुसार, इस साल जिन 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए चुना गया है, उनमें सात लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि प्रत्येक विजेता को एक पदक, प्रमाणपत्र और एक प्रशस्ति पुस्तिका प्रदान की जाएगी।

# मुझे हटाने का नोटिस 'जंग लगा चाकू' था: धनखड़

**नयी दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि ''किसी को बाईपास सर्जरी के लिए सब्जी काटने वाले चाकू का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।'' धनखड़ ने यह भी कहा कि उन्हें पद से हटाने का नोटिस वास्तव में एक ''जंग लगा हुआ'' चाकू था। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नोटिस पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में, धनखड़ ने कहा, ''बस उपराष्ट्रपति के खिलाफ नोटिस को देखें। सिर्फ उनके द्वारा दिए गए छह लिंक देखें।'' उपराष्ट्रपति ने कहा, ''आप चौंक जाएंगे। चंद्रशेखर जी ने एक बार कहा था 'बाईपास सर्जरी के लिए कभी भी सब्जी काटने वाले चाकू का इस्तेमाल न करें।' यह नोटिस सब्जी काटने वाला चाकू भी नहीं था; यह जंग लगा हुआ था। इसमें



जल्दबाजी दिखाई गई।'' इस नोटिस को राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया। धनखड़ ने महिला पत्रकारों के एक समूह से कहा, ''जब मैंने इसे पढ़ा तो मैं हैरान रह गया। लेकिन मुझे इससे भी अधिक हैरानी इस बात पर हुई कि आपमें से किसी ने भी इसे नहीं पढ़ा। अगर आपने पढ़ा होता तो आप कई दिनों तक सो नहीं पाते।'' धनखड़ ने कहा कि किसी भी संवैधानिक पद को प्रतिष्ठा, उत्कृष्ट गुणों और संविधान के प्रति प्रतिबद्धता से मूल्यांकित किया जाना चाहिए। आधिकारिक बयान के अनुसार, उन्होंने कहा, ''हम हिसाब बराबर करने की स्थिति में नहीं हैं। क्योंकि लोकतंत्र की सफलता के लिए दो चीजें अभिव्यक्ति और संवाद अपरिहार्य हैं।'' राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाने के लिए सुनियोजित प्रयासों के खिलाफ आगाह करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इन्हें उन ताकतों द्वारा सुनियोजित तरीके से बढ़ावा दिया जाता है जो देश के हितों को चोट पहुंचाना चाहते हैं।

## न्यूज अपडेट

### आईजी रेलवे सुरक्षा बल की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक

**जबलपुर :** पश्चिम मध्य रेलवे में अपराधों की रोकथाम और सुरक्षा स्थिति में सुधार को लेकर 23 दिसम्बर 2024 को अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक-सह-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त द्वारा तीनों मंडलों में तैनात निरीक्षक (इंस्पेक्टर) अपराध खुफिया शाखा एवं विशेष खुफिया शाखा के बल सदस्यों के साथ की गई। वर्ष 2024 में किये गये कार्यो की समीक्षा की गई एवं जिन मदों पर कमी पायी गई उनमें सुधार करने के निर्देश दिये गये। बैठक में यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया कि रेलवे के सभी क्षेत्रों में अपराधी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए और तेजी से कार्रवाई की जाए। बैठक में विभिन्न सुरक्षा पहलुओं, जैसे कि रेलवे सम्पत्ति की सुरक्षा, चोरी गई रेल सम्पत्ति की बरामदगी, मानव तस्करी की रोकथाम, ट्रेनों में चोरी, टिकट दलालों पर ठोस कार्यवाही, अवैध हॉकर वैंडर पर कार्यवाही और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान रेलवे ट्रेनों और स्टेशनों पर बढ़ते अपराधों के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण कदमों पर चर्चा की गई। अपराधों की रोकथाम के लिए, सीसीटीवी कैमरो की मदद से निगरानी बढ़ाने, खुफिया जानकारी एकत्रित करने और रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षात्मक उपायों को और मजबूत करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये। इसके अलावा, यात्रियों के साथ बेहतर संवाद और सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने की बात भी की गई। अधिकारियों ने इस बैठक के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए रेलवे सुरक्षा बल के समन्वय से अपराधों पर नियंत्रण और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता जताई।

### लड़ाकू विमान तेजस का उत्पादन बढ़ाए, खरीद में तेजी लाए मंत्रालय : संसदीय समिति

**नई दिल्ली :** भारतीय वायुसेना में 42 लड़ाकू स्काड्रन की अधिकृत क्षमता के मुकाबले वर्तमान में केवल 31 सक्रिय लड़ाकू स्काड्रन मौजूद होने पर चिंता जाहिर करते हुए संसद की एक समिति ने रक्षा मंत्रालय से तेजस का उत्पादन बढ़ाने और अनुबंधित लड़ाकू विमानों की खरीद में तेजी लाने की सिफारिश की है। भाजपा सांसद राधामोहन सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा मंत्रालय संबंधी स्थायी समिति की 17 दिसंबर 2024 को संसद में पेश रिपोर्ट में इस मुद्दे पर गौर किया गया है। समिति को बताया गया है कि भारतीय वायुसेना की अधिकृत क्षमता 42 लड़ाकू स्काड्रन है। लेकिन इस समय इसके पास 31 सक्रिय लड़ाकू स्काड्रन हैं। वायुसेना के पास मिग 21, मिग 23 और मिग-27 तथा अन्य विमानों का पुराना बेड़ा भी है, जो जल्द ही सेवा से बाहर होने जा रहे हैं, जिससे बल की स्काड्रन ताकत में तेजी से कमी आएगी। रिपोर्ट के अनुसार, समिति को यह भी बताया गया है कि भारतीय वायुसेना को तेजस एमके 1 के दो स्काड्रन प्राप्त हुए हैं और इनका उपयोग शुरू हो गया है तथा इसने हाल ही में संपन्न अंतरराष्ट्रीय अभ्यास 'तरंग शक्ति' में भाग लिया था। समिति ने यह भी पाया कि तेजस एमके-1ए कार्यक्रम में डिजाइन और विकास संबंधी मुद्दों के कारण देरी हुई है। रक्षा मंत्रालय ने समिति को यह भी बताया कि हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को तेजस का उत्पादन बढ़ाने के लिए कहा गया है।

### आईआरसीटीसी ने प्राइवेट ट्रेनों की देरी पर यात्रियों को हर्जाना देना बंद किया: आरटीआई

**नयी दिल्ली :** आईआरसीटीसी ने पांच साल पहले प्राइवेट ट्रेनों के विलंब पर यात्रियों को हर्जाना देने की योजना को बंद कर दिया है। साथ ही गोपनीयता नीति का हवाला देते हुए इस योजना को बंद करने का कारण बताने से इनकार किया है। समाचार एजेंसी 'भाषा' द्वारा सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दाखिल आवेदन के जवाब में यह जानकारी प्राप्त हुई। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआ-रसीटीसी) की स्थापना रेल मंत्रालय द्वारा रेलवे की संपूर्ण खानपान एवं पर्यटन गतिविधियों के संचालन के मूल उद्देश्य से की गई थी और वर्तमान में यह टिकट बुकिंग व प्राइवेट ट्रेनों का संचालन भी करता है। आईआरसीटीसी के मुताबिक, इस योजना के तहत चार अक्टूबर 2019 से इस वर्ष 16 फरवरी तक यात्रियों को 26 लाख रुपये हर्जाने के तौर पर दिए गए। आईआरसीटीसी द्वारा मुहैया कराई गयी जानकारी के मुताबिक, अकेले 2023-24 में 15.65 लाख रुपये का हर्जाना यात्रियों को दिया गया। आईआरसीटीसी ने आरटीआई के जवाब में बताया, प्राइवेट ट्रेनों के विलंब या देरी से चलने की स्थिति में हर्जाना प्रदान करने वाली योजना 15 फरवरी 2024 को बंद कर दी गयी। आईआरसीटीसी ने गोपनीयता नीति का हवाला देते हुए इस योजना को बंद करने का कारण बताने से इनकार किया है।

# मैं भी चिटफंड घोटाले का पीड़ित: माझी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को दावा किया कि वह भी 'चिटफंड' घोटाले के पीड़ित हैं और उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वह अपनी मेहनत की कमाई को बचाने के लिए 'पोंजी कंपनियों' की गतिविधियों को लेकर सतर्क रहें। यहां राज्य स्तरीय राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए माझी ने यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं भी 'चिटफंड' घोटाले का पीड़ित हूं। 1990 और 2002 में दो कंपनियों ने मेरे साथ ठगी की थी।'' उन्होंने कहा कि वह अपना धन वापस नहीं पा सके क्योंकि पैसा वसूली की प्रक्रिया बहुत लंबी और जटिल थी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उन्होंने दो 'पोंजी' फर्म में किया गया गया



निवेश गंवा दिया। अपना अनुभव बताते हुए माझी ने कहा कि वे 'पोंजी फर्म' के 'एजेंट' की मीठी बातों में आ गए और उन्होंने कुछ योजनाओं में जमा करने के लिए रुपयों का इंतजाम कर लिया। उन्होंने कहा, ''हालांकि, जब परिपक्वता का समय आया तो मुझे वह कंपनियां मिली ही नहीं जिनमें रुपये जमा किए गए थे।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि हालांकि अब काफी बदलाव आ चुका है, क्योंकि केंद्र ने उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी तथा ठगी रोकने के लिए नियम बनाए हैं और उन्हें मजबूती प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने चिट फंड योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 2019 में चिट फंड अधिनियम, 1982 में संशोधन करने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की प्रशंसा की। उन्होंने उल्लेख किया कि संशोधित कानून ने पिछले अधिनियम की खामियों को दूर किया है। ओडिशा में करीब 70 लाख लोगों को कथित तौर पर 'पोंजी' फर्म ने ठगा है।

# थिएटर भगदड़ मामले में पुलिस ने अल्लू अर्जुन से तीन घंटे पूछताछ की

**हैदराबाद :** तेलंगाना पुलिस ने मंगलवार को तेलुगु फिल्मों के मशहूर अभिनेता अल्लू अर्जुन से सवाल किया कि क्या उन्हें पता था कि प्राधिकारियों ने उन्हें उस थिएटर में जाने की अनुमति नहीं दी थी जहां फिल्म



'पुष्पा-2' की स्क्रीनिंग हुई थी और क्या उन्हें 4 दिसंबर को प्रीमियर के दौरान हुई भगदड़ में एक महिला की दुखद मौत के बारे में पता है। अर्जुन अपने पिता अल्लू अरविंद और वकीलों के साथ पूर्वाह्न करीब 11 बजे चिक्कड़पल्ली पुलिस थाने पहुंचे। अभिनेता से सेंट्रल जोन के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अक्षांश यादव के नेतृत्व में पुलिस के एक दल ने पूछताछ की। अभिनेता अपराह्न दो बजकर 45 मिनट पर पुलिस थाने से निकल गए। सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान अभिनेता से घटनाक्रम और उनकी निजी सुरक्षा के बारे में भी पूछा गया। पुलिस ने आरोप लगाया है कि बाउंसरों ने कथित तौर पर उनके प्रशंसकों को धक्का दिया, जिसके कारण भगदड़ मची।

# नवी मुंबई में अवैध रूप से रह रहे 10 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई :** नवी मुंबई पुलिस ने बिना दस्तावेज के अवैध रूप से देश में रहने के आरोप में आठ महिलाओं और दो पुरुषों समेत बांग्लादेश के दस नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने



मंगलवार को यह जानकारी दी। अपराध शाखा की मानव तस्करी रोधी इकाई द्वारा सप्ताहांत में वाशी और खारघर इलाकों में की गई छापेमारी के बाद यह कार्रवाई सामने आई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बांग्लादेशी पुरुष आमतौर पर मजदूर जबकि महिलाएं घरेलू सहायिका के रूप में काम करती हैं। एक अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार बांग्लादेशी पुरुष और महिलाएं 2023 से अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। अधिकारी ने बताया कि ये लोग भारतीय नागरिकता या यात्रा से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत करने में विफल रहे। अधिकारी ने कहा, इनमें से कुछ लोग वर्षों से अवैध रूप से भारत में रह रहे थे। पासपोर्ट अधिनियम और विदेशी अधिनियम से संबंधित धार-ाओं के तहत खारघर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

# महंगाई ने लोगों की रसोई का बजट बिगाड़ा, कुंभकरण की नींद सो रही सरकार : राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सब्जियों की कीमतों में उछाल को लेकर मंगलवार को सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि आम लोगों की रसोई का बजट बिगड़ गया है, लेकिन सरकार कुंभकरण की नींद सोई हुई है। राहुल गांधी ने दिल्ली के कालकाजी इलाके की एक सब्जी मंडी का दौरा किया था। उन्होंने इस दौरे का एक वीडियो मंगलवार को अपने विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल पर जारी किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने यह वीडियो ने अपने यूट्यूब चैनल पर पोस्ट कर लिखा, कुछ दिनों पहले एक स्थानीय सब्जी मंडी में पहुंच कर ग्राहकों के साथ खरीददारी करते हुए विक्रेताओं से



बातचीत की। यह जाना कि आम लोगों का बजट कैसे बिगड़ रहा है और महंगाई ने किस तरह से सभी को परेशान कर रखा है। लोग बढ़ती कीमतों से जूझ रहे हैं और आम ज़रूरत की छोटी-छोटी चीजों पर समझौता करने पर मजबूर हैं। उन्होंने कहा, हमने लहसुन, मटर, मशरूम और दूसरी सब्जियों के भाव पर चर्चा की और लोगों के असली अनुभव सुने। 400 रुपये किलो लहसुन और 120 रुपये किलो मटर ने कैसे सबके बजट को हिला दिया है। लोग खाएंगे क्या और बचाएंगे क्या।

# शाम पांच बजे तक मतदान के आंकड़े की तुलना वास्तविक डेटा से करना गलत: निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाताओं के नाम न तो मनमाने ढंग से जोड़े गए हैं और न ही हटाए गए हैं। कांग्रेस को दिए अपने जवाब में आयोग ने यह भी कहा कि हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में शाम पांच बजे के मतदान के आंकड़ों की तुलना अंतिम मतदान आंकड़ों के साथ करना सही नहीं होगा। कांग्रेस ने नवंबर में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न चिंताओं को लेकर चुनाव आयोग का रुख किया था। एक विस्तृत नोट जारी करते हुए आयोग ने कांग्रेस को बताया कि शाम 5 बजे से रात 11:45 बजे तक मतदान प्रतिशत में




वृद्धि सामान्य थी, जो मतदान के मतों को जोड़ने की प्रक्रिया का हिस्सा था तथा मतों और गिने गए मतों में वास्तविक, लेकिन असंगत अंतर हो सकता है। आयोग ने इस बात पर जोर दिया कि वास्तविक मतदान प्रतिशत को बदलना असंभव है, क्योंकि मतदाता मतदान का विवरण देने वाला वैधानिक फॉर्म 17सी मतदान केंद्र पर मतदान बंद होने के समय उम्मीदवारों के अधिकृत एजेंट के पास उपलब्ध होता है। इसमें कहा गया है कि महाराष्ट्र में मतदाता सूची तैयार करने में पारदर्शिता के साथ नियम-आधारित प्रक्रिया का पालन किया गया और राज्य में मतदाता के नाम हटाए जाने में कोई अनियमित चलन नहीं था। इसने कांग्रेस को बताया कि मतदाता सूची तैयार करने में कांग्रेस प्रतिनिधियों की भागीदारी सहित उचित प्रक्रिया का पालन किया गया था। आयोग ने मुख्य विपक्षी दल से कहा कि जुलाई और नवंबर के बीच 50 विधानसभा सीट पर औसतन 50,000 मतदाताओं के जुड़ने का उसका दावा तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है। कांग्रेस का दावा था कि इन 50 सीट में से 47 पर 'महायुति' ने जीत हासिल की है।

# आंबेडकर पर शाह के बयान को लेकर कांग्रेस का ओडिशा समेत कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन, इस्तीफे की मांग

**भुवनेश्वर/हैदराबाद :** कांग्रेस ने बाबासाहेब आंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा दिये गए कथित विवादास्पद बयान को लेकर मंगलवार को ओडिशा, असम, तेलंगाना, झारखंड और जम्मू-कश्मीर सहित कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन किया और उनके इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस की ओडिशा इकाई ने मंगलवार को राज्य भर में 'आंबेडकर सम्मान मार्च' निकाला। आंबेडकर के पोस्टर और तस्वीरें लेकर कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने भुवनेश्वर, कोरापुट, ढेंकनाल और मल्कानगिरी में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने शाह पर पिछले हफ्ते राज्यसभा में संविधान पर बहस के दौरान आंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया और भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने




अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम), भुवनेश्वर के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें शाह से माफी और इस्तीफे की मांग की गई है। इस बीच, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की भुव-नेश्वर इकाई ने भी इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया और शाह का पुतला जलाया। माकपा के राज्य सचिव सुरेश पाणिग्रही ने गृह मंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए इसे 'अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण, आदिवासी विरोधी और दलित विरोधी' करार दिया। कांग्रेस की झारखंड इकाई ने शाह की हालिया टिप्पणी के विरोध में सभी जिला मुख्यालयों में मार्च निकाला। 'बाबासाहेब आंबेडकर सम्मान मार्च' रैली यहां कांग्रेस मुख्यालय से निकाली गई और जिला कलक्ट्रेट पर संपन्न हुई।

# भारत ने वेस्टइंडीज को 115 रन से हराकर महिला एकदिवसीय श्रृंखला जीती



**वडोदरा :** हरलीन देओल (115) के प्रभावशाली पहले शतक की मदद से भारत ने मंगलवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को 115 रन से शिकस्त देकर तीन मैच की श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने श्रृंखला के पहले मैच को 211 रन से जीता था। तीसरा मैच 27 दिसंबर को खेला जायेगा। भारत ने पहले बल्लेबाजी का फैसला कर पांच विकेट पर 358 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 46.2 ओवर में 243 रन पर आउट कर दिया। भारत ने इस तरह एकदिवसीय में अपने सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। इससे पहले टीम ने आयरलैंड के खिलाफ 2017 में दो विकेट पर 358 रन बनाये थे। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर भी है भारत के लिए युवा स्पिनर प्रिया मिश्रा ने 49 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि दीप्ति शर्मा, टिटास साधु और प्रतिका रावल को दो-दो सफलता मिली। रेणुका सिंह ठाकुर को एक विकेट मिला। वेस्टइंडीज के लिए कप्तान हेली मैथ्यूज ने 106 रन बनाए, लेकिन उन्हें शेमेन कैंपबेल (38) के अलावा दूसरे छोर से किसी का साथ नहीं मिला। उन्होंने 109 गेंद की पारी में 13 चौके लगाने के अलावा पांचवें विकेट के लिए कैंपबेल के साथ 102 गेंद में 112 रन की साझेदारी की। हरलीन ने 103 गेंद की पारी में 16 चौके जड़े। उन्होंने अपनी पारी के दौरान तीन शानदार साझेदारियां की। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए प्रतिका(76) के साथ 75 गेंद में 62, तीसरे विकेट के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर(22) के साथ 41 गेंद में 43 और चौथे विकेट के लिए जेमिमा रोड्रिग्स (52) के साथ 71 गेंद में 116 रन की आक्रामक साझेदारी की। इससे पहले शानदार लय में चल रही स्मृति मंधाना ने 47 गेंद में सात चौके और दो छक्के की मदद से 52 रन बनाने के अलावा प्रतिका के साथ भारत को लगातार दूसरे मैच में पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी के साथ शानदार शुरुआत दिलायी। प्रतिका ने 86 गेंद की पारी में 10 चौके और एक छक्का लगाया। जेमिमा ने आखिरी ओवरों में 36 गेंद की तेज तर्रार पारी में छह चौके और एक छक्का जड़ा।

### खेल आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी कार्यक्रम सूची

19 फरवरी – पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड, नेशनल स्टेडियम, कराची
20 फरवरी – बांग्लादेश बनाम भारत, दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, दुबई
21 फरवरी – अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, नेशनल स्टेडियम, कराची
22 फरवरी – ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर
23 फरवरी – पाकिस्तान बनाम भारत, दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, दुबई
24 फरवरी – बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम, रावलपिंडी
25 फरवरी – ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम, रावलपिंडी
26 फरवरी – अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड, गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर
27 फरवरी – पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश, रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम, रावलपिंडी
28 फरवरी – अफगानिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया, गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर
एक मार्च – दक्षिण अफ्रीका बनाम इंग्लैंड, नेशनल स्टेडियम, कराची
दो मार्च – न्यूजीलैंड बनाम भारत, दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, दुबई
चार मार्च – पहला सेमीफाइनल, दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, दुबई
पांच मार्च – दूसरा सेमीफाइनल, गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर
नौ मार्च – फाइनल – गद्दाफी स्टेडियम, लाहौर (अगर भारत क्वालीफाई करता है तो दुबई)। भारत अगर क्वालीफाई करता है तो पहला सेमीफाइनल खेलेगा। पाकिस्तान अगर क्वालीफाई कर लेता है तो दूसरा सेमीफाइनल खेलेगा।

## कोहली और स्मिथ खतरनाक और रन बनाने के लिए आतुर होंगे: शास्त्री

**दुबई :** मेलबर्न, 24 दिसंबर (भाषा) भारत के पूर्व हरफनमौला और मुख्य कोच रह रवि शास्त्री का मानना है कि दिग्गज विराट कोहली और स्टीव स्मिथ भले ही अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हो लेकिन बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी दो टेस्ट मैचों में ये दोनों दिग्गज 'खतरनाक' और रन बनाने के लिए 'आतुर' होंगे। कोहली और स्मिथ प्रसिद्ध 'फैब फोर' का हिस्सा है जिसमें जो रूट और केन विलियमसन भी शामिल हैं। कोहली और स्मिथ दोनों ने हाल के दिनों में बल्ले से संघर्ष किया है। दोनों ने हालांकि पांच मैचों की मौजूदा श्रृंखला के पहले तीन टेस्ट मैचों में एक-एक शतक बनाया है। शास्त्री ने 'आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''मुझे लगता है कि मौजूदा फॉर्म के आधार पर वे (कोहली और स्मिथ) रैंकिंग में नीचे खिसक गये हैं। रूट लगातार रन बना रहे हैं और विलियमसन भी बेहतर बल्लेबाजी कर रहे हैं। हैरी ब्रूक पिछले कुछ समय से शानदार रहे हैं और कुछ अन्य युवा खिलाड़ियों ने भी प्रभावित किया है। ये दोनों हालांकि विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, ''ऐसी स्थिति में, आप जानते हैं कि वे खतरनाक होंगे क्योंकि वे रन बनाने के लिए आतुर हैं। स्मिथ का स्कोर पांच पारियों में 0, 17, दो, 101 और चार रहा, जबकि कोहली ने 31.50 की औसत से 126 रन बनाए हैं, जिसमें पर्थ टेस्ट में नाबाद 100 रन भी शामिल है। स्मिथ ने ब्रिसबेन टेस्ट में करियर के 33वें शतक के साथ वापसी की थी। शास्त्री का मानना है कि यह दोनों खिलाड़ी अपनी मजबूत मानसिकता से वापसी करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि भारतीयों को एमसीजी में आगामी चौथे टेस्ट में धैर्य और अनुशासन दिखाने की जरूरत है।

## खेल रत्न विवाद पर मनु ने कहा: नामांकन दाखिल करने में चूक हुई, शायद यह मेरी ओर से हुआ हो



**नयी दिल्ली :** पेरिस ओलंपिक की दोहरी कांस्य पदक विजेता मनु भाकर ने खेल रत्न पुरस्कार विजेताओं की सूची से उन्हें बाहर रखे जाने को लेकर उठे विवाद के बीच मंगलवार को स्वीकार किया कि इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए नामांकन दाखिल करते समय शायद उनकी ओर से कोई चूक हुई है। पुरस्कार चयन समिति द्वारा उनके नाम की सिफारिश नहीं किए जाने के बाद खेल मंत्रालय को नुकसान की भरपाई के लिए कदम उठाना पड़ा था जिसके एक दिन बाद 22 वर्षीय स्टार पिस्टल निशानेबाज ने सोशल मीडिया पर अपनी स्थिति स्पष्ट की। मनु ने 'एक्स' पर लिखा, 'सबसे प्रतिष्ठित खेल रत्न पुरस्कार के लिए मेरे नामांकन को लेकर चल रहे मुद्दे के संबंध में मैं यह कहना चाहूंगी कि एक खिलाड़ी के रूप में मेरी भूमिका अपने देश के लिए खेलना और प्रदर्शन करना है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि नामांकन दाखिल करते समय शायद मेरी ओर से कोई चूक हुई है जिसे ठीक किया जा रहा है।' मनु ने कहा कि उनका लक्ष्य देश के लिए प्रदर्शन करना है, फिर चाहे उन्हें पुरस्कार मिले या नहीं। उन्होंने कहा, 'पुरस्कार और मान्यता मुझे प्रेरित करते हैं, लेकिन ये मेरा लक्ष्य नहीं हैं।' मनु ने कहा, 'पुरस्कार मिले या नहीं, मैं अपने देश के लिए और अधिक पदक जीतने के लिए प्रेरित रहूंगी। सभी से अनुरोध है कि कृपया इस पर अटकलें न लगाएं।' इससे पहले उनके निजी जसपाल राणा और पिता रामकिशन भाकर ने खेल मंत्रालय और चयन समिति पर उनकी शानदार उपलब्धियों के बावजूद उन्हें नजरअंदाज करने का आरोप लगाया।

## सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन: एम रघु और देविका सिहाग को खिताब

**बेंगलुरू :** कर्नाटक के एम रघु और हरियाणा की देविका सिहाग ने मंगलवार को यहां 86वीं राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में पहली बार क्रमश: पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। रघु ने बेहद करीबी फाइनल में पूर्व चैंपियन मिथुन मंजूनाथ के खिलाफ तीन मैच प्वाइंट बचाते हुए एक घंटे से कुछ कम समय में 14–21, 21–14, 24–22 से जीत दर्ज की। देविका ने सत्र का शानदार अंत करते हुए फॉर्म में चल रही श्रियांशी वलिशेट्टी को सीधे गेम में 21–15, 21–16 से हराकर महिला एकल खिताब जीता। जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन अर्श मोहम्मद और संस्कार सारस्वत ने पुरुष युगल फाइनल में उलटफेर करते हुए नवीन पी और लोकेश वी की शीर्ष वरीय जोड़ी को 21–12, 12–21, 21–19 से हराया। मिश्रित युगल में आयुष अग्रवाल और श्रुति मिश्रा जबकि महिला युगल में आरती सारा सुनील और वर्षिणी वीएस की दूसरी वरीय जोड़ी चैंपियन बनी।

## पंत, गिल और जायसवाल एक ही नाव पर सवार हैं, उनकी मानसिकता से छेड़छाड़ नहीं करना चाहते हैं: रोहित



**मेलबर्न :** यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और शुभमन गिल अपनी अनियमित फॉर्म के कारण भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में एक जैसी स्थिति में है लेकिन कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि इन तीनों में से किसी पर भी अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जाएगा क्योंकि इससे स्थिति और जटिल हो जाएगी। जायसवाल ने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 161 रन की मैच जिताने वाली पारी खेली थी लेकिन इसके बाद उनका बल्ला नहीं चल पाया जबकि गिल और पंत अभी तक खेले गए तीन टेस्ट मैच में अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा पाए। रोहित ने इन तीनों बल्लेबाजों की फॉर्म को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यहां संवाददाताओं से कहा, 'गिल, जायसवाल और पंत जैसे खिलाड़ी एक ही नाव पर सवार हैं। वे जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। हमें चीजों को जटिल नहीं बनाना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'जायसवाल पहली बार ऑस्ट्रेलिया में खेल रहा है। वह पहले ही दिखा चुका है कि वह क्या करने में सक्षम है। वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है और जब आपके पास उसके जैसा खिलाड़ी हो तो आप उसकी मानसिकता में बहुत अधिक छेड़छाड़ नहीं करना चाहेंगे।' रोहित ने कहा, 'उसे जितना संभव हो उतना स्वच्छंद होकर खेलने दें तथा उसकी बल्लेबाजी को लेकर बहुत अधिक विचार करके उस पर अतिरिक्त बोझ नहीं बनने दें। वह किसी अन्य की तुलना में अपनी बल्लेबाजी के बारे में बेहतर समझ रखता है और उसने अभी तक इसी तरह से क्रिकेट खेली है।' इसी तरह से गिल को लेकर भारतीय कप्तान किसी तरह से चिंतित नहीं हैं और उन्हें उन पर पूरा भरोसा है।

## स्मृति एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय में शीर्ष रैंकिंग के करीब पहुंची



**दुबई :** भारत की अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ मौजूदा घरेलू वनडे श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन से दूसरे स्थान पर बरकरार है जबकि टी20 रैंकिंग में इस वामहस्त बल्लेबाज ने एक स्थान का सुधार किया है। वनडे में वह 739 रेटिंग अंक के साथ लॉरा बुलवार्ट (773 रेटिंग अंक) से पीछे है। टी20 में वह 753 रेटिंग अंक के साथ बेथ मूनी से महज चार रेटिंग अंक पीछे है। मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले सप्ताह टी20 मैच में 62 (41 गेंद) और 77 (47 गेंद) रन के स्कोर के साथ इस प्रारूप में लगातार तीन अर्धशतकीय पारी खेली। इस 28 साल की खिलाड़ी ने इसके बाद तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के शुरुआती मैच में 91 रन की प्रभावशाली पारी खेली। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज भी नाबाद 85 और 22 रन के स्कोर के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय तालिका में संयुक्त तीसरे स्थान पर पहुंच गयी। उनके और ऑस्ट्रेलिया के तहलिया मैक्ग्रा के नाम 748 रेटिंग अंक है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर वडोदरा में 34 रन की पारी के साथ एकदिवसीय रैंकिंग में तीन स्थान के सुधार के साथ शीर्ष 10 में पहुंचने में सफल रही। गेंदबाजी की शीर्ष रैंकिंग में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर वडोदरा में 29 रन पर पांच विकेट लेने के बाद 497 रेटिंग अंक के साथ 20वें स्थान पर पहुंच गई है। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार तीसरी बार आईसीसी महिला चैम्पियनशिप को अपने नाम किया।



## नवंबर में घरेलू मार्गों पर हवाई यात्रियों की संख्या 11.90 प्रतिशत बढ़कर 1.42 करोड़ हुई

**नयी दिल्ली :** हवाई यातायात की बढ़ती मांग के बीच भारतीय एयरलाइन कंपनियों ने नवंबर में घरेलू मार्गों पर 1.42 करोड़ यात्रियों को यात्री कराई। यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में यह करीब 11.90 प्रतिशत अधिक है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के आंकड़ों के अनुसार, घरेलू बाजार में हिस्सेदारी के मामले में इंडिगो शीर्ष पर रही। उसकी बाजार हिस्सेदारी 63.6 प्रतिशत रही। इसके बाद एयर इंडिया (24.4 प्रतिशत), अकासा एयर (4.7 प्रतिशत) और स्पाइसजेट (3.1 प्रतिशत) का स्थान रहा। इन सभी एयरलाइंस की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई है जबकि नवंबर में अलायंस एयर की हिस्सेदारी 0.7 प्रतिशत पर स्थिर रही। डीजीसीए ने अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा, 'जनवरी–नवंबर, 2024 में घरेलू विमानन कंपनियों 14.64 करोड़ से अधिक यात्रियों को सफर कराया। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि के 13.82 करोड़ के आंकड़े की तुलना में 5.91 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं मासिक आधार पर इसमें 11.90 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।' नवंबर में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 1.42 करोड़ से अधिक रही, जबकि एक साल पहले समान महीने में घरेलू एयरलाइंस से 1.27 करोड़ लोगों ने यात्रा की थी।

## अमित शाह 10,000 से अधिक बहुउद्देशीय पैक्स राष्ट्र को समर्पित करेंगे

**नयी दिल्ली :** सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार को 10,000 से अधिक नवगठित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (एम–पैक्स) और डेयरी तथा मत्स्य सहकारी समितियों को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। शाह का यहां आयोजित एक राष्ट्रीय सम्मेलन में नव–स्थापित सहकारी समितियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र, सूक्ष्म एटीएम और रुपे किसान क्रेडिट कार्ड वितरित करने का भी कार्यक्रम है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि ये वित्तीय उपकरण पंचायतों में ऋण सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान करने और वित्तीय समावेश को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं, ताकि ग्रामीण आबादी विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हो सके और देश की आर्थिक प्रगति में भाग ले सके। सम्मेलन में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह के साथ कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

## सरकार ने ग्राहकों को अनजान अंतरराष्ट्रीय कॉल के प्रति आगाह किया

**नयी दिल्ली :** सरकार ने दूरसंचार ग्राहकों को अनजान अंतरराष्ट्रीय कॉल के प्रति आगाह किया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने मंगलवार को आधिकारिक बयान में बताया कि मोबाइल सेवा प्रदाताओं से अपने ग्राहकों की जागरूकता के लिए ऐसी कॉल को टैग करने के लिए कहा गया है। विभाग ने कहा कि 22 अक्टूबर को 'अंतरराष्ट्रीय इनकमिंग फर्जी कॉल रोकथाम प्रणाली' शुरू करने के 24 घंटे के भीतर लगभग 1.35 करोड़ या टेम्पर्ड भारतीय फोन नंबरों से आने वाली सभी अंतरराष्ट्रीय कॉल में से 90 प्रतिशत को धोखा देने वाली कॉल के रूप में पहचाना गया। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने उन्हें भारतीय दूरसंचार ग्राहकों तक पहुंचने से रोक दिया। आधिकारिक बयान में कहा गया कि इसके बाद धोखेबाजों ने अपनी रणनीति बदल दी है और वे अंतरराष्ट्रीय नंबर का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# सिनेमा घर में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा



**नयी दिल्ली :** सिनेमा घरों में खुले रूप में बिकने वाले पॉपकॉर्न पर रेस्तरां की तरह ही पांच प्रतिशत की दर से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगता रहेगा। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगर पॉपकॉर्न को फिल्म टिकट के साथ बेचा जाता है, तो इसे एक समग्र आपूर्ति के रूप में माना जाएगा और चूंकि इस मामले में मुख्य आपूर्ति टिकट है, इसलिए उसकी लागू दर के अनुसार कर लगाया जाएगा। जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में पॉपकॉर्न पर जीएसटी को स्पष्ट किया गया था। दरअसल, नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न पर लागू वर्गीकरण और जीएसटी दर को स्पष्ट करने के लिए उत्तर प्रदेश से अनुरोध मिला था। पॉपकॉर्न पर जीएसटी दर में कोई वृद्धि नहीं की गई है। सूत्रों के अनुसार, पॉपकॉर्न को सिनेमा घरों में खुले रूप में बेचा जाता है, और इसलिए इसपर 'रेस्तरां सेवा' के समान पांच प्रतिशत की दर लागू होती रहेगी। हालांकि, इसके लिए पॉपकॉर्न की स्वतंत्र रूप से आपूर्ति करनी होगी। जीएसटी के तहत नमक और मसालों वाले पॉपकॉर्न को नमकीन के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और इसपर पांच प्रतिशत कर लगता है। जब इसे पहले से पैक और लेबल के साथ बेचा जाता है, तो दर 12 प्रतिशत होती है।

## पुरानी कारों की बिक्री में 'मार्जिन' होने पर ही देना होगा जीएसटी

**नयी दिल्ली :** पंजीकृत इकाई को पुराने वाहन की बिक्री पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) विक्रेता को मार्जिन यानी लाभ होने पर ही देना होगा। 'मार्जिन' राशि से आशय बिक्री मूल्य का वाहन के मूल्यह्रास समायोजित लागत मूल्य से अधिक होने से है। मामले से जुड़े एक जानकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह अपनी बैठक में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सहित सभी पुराने यानी 'सेकेंड हैंड' वाहनों की बिक्री पर जीएसटी की 18 प्रतिशत की एकल दर निर्धारित करने का निर्णय लिया। पहले अलग–अलग दरें लगाई जाती थी। यदि कोई व्यक्ति किसी अन्य व्यक्ति को पुरानी कार बेचता है, तो उस पर जीएसटी नहीं लगेगा। मामले से जुड़े जानकार ने कहा कि जहां पंजीकृत इकाई ने आयकर अधिनियम 1961 की धारा 32 के तहत मूल्यह्रास का दावा किया है, ऐसी स्थिति में जीएसटी केवल आपूर्तिकर्ता के 'मार्जिन' वाले मूल्य पर देना होगा। 'मार्जिन' मूल्य ऐसे सामान की आपूर्ति के लिए प्राप्त कीमत और मूल्यह्रास मूल्य के बीच का अंतर है। उन्होंने कहा, 'जहां ऐसा 'मार्जिन' मूल्य नकारात्मक है, वहां कोई जीएसटी नहीं लगेगा।'

## उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 67 अंक टूटा



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 67 अंक के नुकसान में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच ठोस संकेतकों के अभाव में निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 67.30 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,472.87 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 142.38 अंक तक नीचे आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 25.80 अंक यानी 0.11 प्रतिशत नुकसान के साथ 23,727.65 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'छुट्टियों से पहले बाजार लगभग स्थिर रहा। धातु और बिजली शेयरों में बिकवाली से बाजार पर असर पड़ा। हालांकि, हाल के सुधार के बाद दैनिक इस्तेमाल का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) और वाहन शेयर लाभ में रहे।' उन्होंने कहा, 'निकट भविष्य में बाजार की स्थिति कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों और आम बजट पर निर्भर करेगी। हालांकि, डॉलर में मजबूती, बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने और नीतिगत दर में कटौती को लेकर चिंता से निवेशक सतर्क बने हुए हैं। इसके अलावा, रुपये के अबतक के निचले स्तर पर आने से भी सतर्क रुख बना हुआ है।' सेंसेक्स के तीस शेयरों में से पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक, टाइटन, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, आईटीसी, नेस्ले, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एनटीपीसी और जोमैटो शामिल हैं। छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.37 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 0.09 प्रतिशत मजबूत हुआ। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि बाजार में लगभग स्थिरता की स्थिति का कारण एफआईआई की बिकवाली, देश की आर्थिक वृद्धि के सुस्त होने को लेकर चिंता तथा रुपये का डॉलर के मुकाबले कमजोर होना है। उन्होंने कहा कि इन कारणों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और बाजार में उतार-चढ़ाव आया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को 168.71 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे।

### न्यूज अपडेट

#### रुपया चार पैसे की गिरावट के साथ 85.15 प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर

**मुंबई :** दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के मजबूत होने और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट के बीच रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे की गिरावट के साथ 85.15 के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। विश्लेषकों के अनुसार, भुगतान दायित्व की वजह से मासांत की डॉलर मांग बढ़ने तथा अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के आक्रामक आयात शुल्क लागू करने की आशंका ने डॉलर को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने रुपये को और नीचे ला दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.10 पर खुला और दिन के कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.21 के अबतक के सबसे निचले स्तर पर आ गया।

#### महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने पीएनबी के साथ की साझेदारी

**नयी दिल्ली :** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की इकाई महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने अपने डीलरों को वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ साझेदारी की मंगलवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा, दोनों भागीदारों ने एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। बयान के अनुसार, इस साझेदारी के तहत एक साल से अधिक के कारोबार वाले सभी महिंद्रा ट्रैक्टर डीलर 'चैनल फाइनेंस' सीमा के लिए पात्र हैं। इस कार्यक्रम में पांच करोड़ रुपये तक की 'फाइनेंस' सीमा दी जाती है, जिसमें 105 दिन की बिक्री के आधार पर सीमा का आकलन किया जाता है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अध्यक्ष (कृषि उपकरण क्षेत्र) हेमंत सिक्का ने कहा, 'पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ यह सहयोग कार्यशील पूंजी प्रबंधन को बेहतर बनाने और दक्षता बढ़ाने में मदद करेगा, जिससे अंततः हमारे डीलर को कृषक समुदाय को बेहतर सेवा प्रदान करने में मदद मिलेगी।' पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक एवं मुंबई क्षेत्र के प्रमुख फिरोज हसनैन ने कहा कि यह पहल विभिन्न क्षेत्रों खासकर सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) और कृषि क्षेत्र को अनुकूलित वित्तीय समाधान प्रदान कर व्यवसायों के विकास में सहायता करने की बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

#### इंडियन ऑयल ओडिशा में 61,000 करोड़ रुपये के निवेश से नेफ्था परियोजना लगाएगी

**भुवनेश्वर :** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) ओडिशा के पारादीप में नेफ्था क्रैकर परियोजना लगाने के लिए 61,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। इस परियोजना के लिए जनवरी में 'उत्कर्ष ओडिशा – मेक इन ओडिशा–2025' शिखर सम्मेलन के दौरान ओडिशा सरकार और इंडियन ऑयल के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उसी समय ओडिशा के भद्रक में आईओसी की आगामी 4,352 करोड़ रुपये की यार्न परियोजना की आधारशिला भी रखी जाएगी। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और आईओसी के चेयरमैन ए एस साहनी के बीच भुवनेश्वर में हुई एक बैठक में ये फैसले लिए गए। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, पारादीप में नेफ्था परियोजना लगाने को सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है और आईओसी इस परियोजना के लिए 61,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी। बयान के मुताबिक, इसके देश में इस क्षेत्र की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक होने की संभावना है। राज्य सरकार इस परियोजना की इक्विटी धारक है और करों के अलावा लाभांश अर्जित करेगी। भद्रक में आईओसी की आगामी यार्न परियोजना की नींव भी जनवरी में रखी जाएगी। इस परियोजना पर 4,352 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

वर्ष 9, पूर्णांक 4099 अंक 249, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in